वर्ष- 13 अंक - 235
लखनऊ, मंगलवार 28 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





प्रधानमंत्री के एक्सप्रेस उद्घाटन कार्यक्रम में नवाबगंज से जायेंगी 30 बसें 10

आस्था के स्थलों के संरक्षण से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना : जयवीर 03


# भारत-न्यूजीलैंड ने एफटीए पर किए हस्ताक्षर
# 100 फीसदी भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने आज एक मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर न्यूजीलैंड के दौरे पर आए व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच नई दिल्ली में हुए इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य द्विवार्षिक व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना करके 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। इस समझौते से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के काफी मजबूत होने की उम्मीद है।

यह एफटीए भारत के 100 फीसदी निर्यात को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। इसमें सभी टैरिफ लाइन यानी उत्पाद श्रेणियां शामिल हैं। इससे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इससे पहले न्यूजीलैंड सिरेमिक, कालीन, मोटर वाहन एवं उसके कलपुर्जों जैसे भारतीय उत्पादों पर 10 प्रतिशत तक का शुल्क लगाता था। अब बिना किसी शुल्क के बाजार पहुंच मिलने से भारतीय उत्पाद वहां अन्य देशों की वस्तुओं से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। समझौते के तहत भारत को अपने विनिर्माण क्षेत्र के लिए लकड़ी के लट्ठे, कोकिंग कोयला और धातुओं के कबाड़ जैसे कच्चे माल भी शुल्क-मुक्त मिलेंगे जिससे उत्पादन लागत घटेगी एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल द्विपक्षीय व्यापार 2.4 अरब डॉलर रहा था।



- समझौते के तहत भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे

### समझौते में भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश को सुगम बनाने की प्रतिबद्धता भी शामिल

भारत ने 70.03 फीसदी शुल्क श्रेणियों (जिसकी मूल्य के हिसाब से द्विपक्षीय व्यापार में 95 फीसीदी हिस्सेदारी है) पर शुल्क में रियायत देने की पेशकश की है, जबकि 29.97 फीसदी शुल्क श्रेणियों को संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए बाहर रखा गया है। इन संवेदनशील उत्पादों में मुख्य रूप से दुग्ध (दूध, क्रीम, पनीर आदि), अन्य पशु उत्पाद (भेड़ के मांस को छोड़कर), कृषि उत्पाद (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, वसा एवं तेल, हथियार एवं गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा और एल्युमिनियम से जुड़े उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा भारत लकड़ी, ऊन, भेड़ का मांस और कच्चा चमड़ा जैसे उत्पादों सहित न्यूजीलैंड की करीब 30 फीसदी शुल्क श्रेणियों पर शुल्क समाप्त करेगा। वहीं, 35.60 फीसदी शुल्क श्रेणियों पर तीन, पांच, सात और 10 वर्ष में चरणबद्ध तरीके से शुल्क समाप्त किया जाएगा। इनमें पेट्रोलियम तेल, माल्ट एक्सट्रैक्ट, वनस्पति तेल, चयनित मशीनरी आदि शामिल हैं। न्यूजीलैंड के जिन उत्पादों को शुल्क में रियायत मिलेगी उनमें वाइन, दवाएं, पॉलिमर, एल्युमिनियम, लोहा-इस्पात उत्पाद शामिल हैं। वहीं मनुका शहद, सेब, कीवी फल और एल्ब्यूमिन जैसे कुछ उत्पाद शुल्क दर कोटा के तहत आएंगे। समझौते में भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश को सुगम बनाने की प्रतिबद्धता भी शामिल है। साथ ही निवेश लक्ष्य पूरे न होने की स्थिति में संतुलन स्थापित करने के लिए एक उपबंध भी जोड़ा गया है।

# प्रधानमंत्री आज उत्तर प्रदेश के दौरे पर

### वाराणसी व हरदोई में करेंगे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 एवं 29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे, जहां वे वाराणसी और हरदोई में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे और हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री 28 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान वे करीब 6,350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा सभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री 1,050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 48 से ज्यादा पूरी हो चुकी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें वाराणसी-आजमगढ़ रोड का चौड़ीकरण, कज्जाकपुरा और कादीपुर में रेल ओवर ब्रिज, तथा भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रमुख हैं।

इसके अलावा वे जल जीवन मिशन के तहत 30 ग्रामीण पेयजल योजनाओं, चंद्रावती घाट के पुनर्विकास, सारंगनाथ मंदिर (सारनाथ) के पर्यटन विकास और संत रविदास पार्क के सौंदर्यीकरण जैसे जनकल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। खेल एवं सामाजिक सुविधाओं के तहत उप्र कॉलेज में सिंथेटिक हॉकी टर्फ, रामनगर में 100 बेड का वृद्धाश्रम और भेलूपुर जल उपचार संयंत्र में एक मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री 5,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 112 परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इनमें अमृत 2.0 के तहत सीवरेज एवं जल आपूर्ति योजनाएं, 500 बेड का सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, बाजार परिसरों का निर्माण, तालाबों का पुनर्जीवन और प्रमुख घाटों अस्सी, दशाश्वमेध और नमो घाट का विकास शामिल है।

रेलवे क्षेत्र में प्रधानमंत्री वाराणसी जंक्शन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसमें गंगा नदी पर रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण शामिल है। इससे क्षेत्र में रेल यातायात सुगम होगा और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। प्रधानमंत्री दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों बनारस-पुणे और अयोध्या-मुंबई को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच संपर्क मजबूत होगा।



- 1,050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 48 से ज्यादा पूरी हो चुकी परियोजनाओं को राष्ट्र को करेंगे समर्पित

# 15 वर्षों में टीएमसी ने बंगाल को किया कंगाल : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल की वर्तमान स्थिति पर तीखा प्रहार किया। कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए पहचान रखने वाला बंगाल आज बदहाली की ओर धकेल दिया गया है। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी सरकारों और पिछले 15 वर्षों से टीएमसी ने बंगाल को कंगाल कर दिया है। जब हम जय श्रीराम या हर-हर महादेव का नारा लगाते हैं तो ममता दीदी डर जाती हैं। उन्हें सत्ता हिलती हुई नजर आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बंगाल, जो कभी कला और साहित्य के कारण भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहलाता था और कल-कारखानों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था, उस बंगाल में ममता दीदी जय श्रीराम और हर-हर महादेव का नारा लगाने पर नाराज हो जाती हैं। उन्हें अपनी सत्ता हिलती दिखाई देने लगती है। सीएम योगी ने कहा कि हिंदुओं के किसी भी प्रमुख त्योहार से पहले यहां उपद्रव शुरू हो जाता है, कर्फ्यू लगा दिया जाता है और सरेआम हत्याएं होती हैं। लव और लैंड जिहाद जैसी घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन टीएमसी मौन साधे रहती है। आज इस मौन और अन्याय के खिलाफ बंगाल मुखर हो उठा है। टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाने के लिए बंगाल की जनता सड़कों पर उतर आई है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति थी। आज उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है, कर्फ्यू समाप्त हो चुका है, दंगे समाप्त हो चुके हैं। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हैं।

लव जिहाद और लैंड जिहाद पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया है। गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं दिया जाएगा। आज उत्तर प्रदेश में यह साकार रूप से दिखाई दे रहा है। अगर कोई गोमाता की हत्या करेगा तो उसे भुगतना पड़ेगा। जो बंगाल भारत को राष्ट्रगान देने वाला है, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की विरासत वाला है, आज उसकी स्थिति क्या हो गई है? टीएमसी के गुंडे जगह-जगह कब्जा करते हैं। पर 23 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के रुझानों के बाद एक नया उत्साह पैदा हुआ है। टीएमसी के गुंडे अब अपना ठिकाना ढूंढ़ रहे हैं। 4 मई को जब परिणाम आएगा, तो वे कहीं न कहीं सड़कों पर पंक्चर बनाते हुए दिखाई देंगे। डबल इंजन की भाजपा सरकार का मतलब है सुशासन।



- डबल इंजन की भाजपा सरकार का मतलब है सुशासन
- टीएमसी के गुंडे अब ढूंढ़ रहे हैं अपना ठिकाना

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित, 31 जुलाई अंतिम तारीख



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र हैं।

# आप के सात पूर्व नेता आधिकारिक तौर पर हुए भाजपा सांसद

- राज्यसभा के सभापति ने दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा के सभापति ने सदन के उन सात सदस्यों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है जो हाल में आम आदमी पार्टी से अलग हो गए हैं।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा सोमवार को जारी सदन में विभिन्न दलों की सदस्य सूची में आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल होने की घोषणा करने वाले सदस्यों के नाम भाजपा की सूची में आ गए हैं और पार्टी की सदस्य संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी से निर्वाचित सदस्य राघव चड्ढा, डॉ. संदीप कुमार पाठक और डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने गत 24 अप्रैल को राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन कर राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सात सदस्यों के भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। इन सदस्यों में उपरोक्त तीन के अलावा सर्वश्री हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा सचिवालय की ओर से आज जारी सूची के अनुसार इन सदस्यों को 24 अप्रैल से ही भाजपा के सदस्य के रूप में मान्यता दी गई है। इस सूची में आम आदमी पार्टी के सदस्यों की संख्या घटकर तीन हो गई है। सदन में अब आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के अलावा दो सदस्य नारायण दास गुप्ता और संत बलबीर सिंह के नाम हैं। आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को सदन में पार्टी के उप नेता पद से हटा दिया था। उसी के बाद से पार्टी में समस्या उत्पन्न हुई है।



# अभियंत्रण विभागों में जेई के पद पर सिर्फ डिप्लोमा होल्डर्स होंगे भर्ती

- उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ की डबल बेंच ने दिया फैसला
- विभिन्न विभागों में जूनियर इंजीनियर के 4612 पदों पर हो रही भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ की डिविजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न अभियंत्रण विभागों में जूनियर इंजीनियर के पद पर सिर्फ डिप्लोमा होल्डर्स अभ्यर्थी ही भर्ती हो सकेंगे। न्यायालय ने डिग्री होल्डर्स अभ्यर्थियों को जूनियर इंजीनियर के पद पर भर्ती हेतु अपात्र माना है। उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न अभियंत्रण विभागों में जूनियर इंजीनियर के 4612 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन निकाला गया था। विज्ञापन में सिर्फ डिप्लोमा होल्डर्स को ही आवेदन करने हेतु पात्र बताया गया था। डिग्री होल्डर्स अभ्यर्थियों द्वारा इस विज्ञापन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की।

अंतरिम राहत न मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम राहत देते हुए डिग्री होल्डर्स को आवेदन करने की अनुमति प्रदान कर दी।




# तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, तीन युवकों की हुई मौत

▸ शादी से लौट रहे थे बाइक सवार युवक




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। सभी रामगांव थाना क्षेत्र में एक शादी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। नौतला गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतकों में दो चचेरे भाई शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बौंडी थाना क्षेत्र के चुन्नी लाल पुरवा गांव निवासी उत्तम चौहान, अपने चचेरे भाई अजय चौहान और गांव के रिंकू जायसवाल के साथ बाइक से रामगांव थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 2 बजे घर लौटते समय नौतला गांव के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने रिंकू और उत्तम को मृत घोषित कर दिया। अजय की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने मेडिकल कॉलेज में मनाया कन्या जन्मोत्सव

▸ गर्भवती महिलाओं की भरी गोद, बच्चों को वितरित किये उपहार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने जनपद के एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान महर्षि बालार्क चिकित्सालय के एम.सी.एच. विंग का निरीक्षण कर महिलाओं को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं, चिकित्सालय की साफ-सफाई का जायज़ा लिया।

श्रीमती यादव ने वार्ड सं. 201, अल्ट्रासाउण्ड कक्ष व टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ तथा मरीज़ो एवं तीमारदारों से जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम.एम.एम. त्रिपाठी व प्रभारी प्राचार्य डॉ. मलिक शहनवाज़ को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शिवांगी, कान, नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. वर्मा, प्रबन्धक रिज़वान अली व जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद मौजूद रहे। चिकित्सालय के निरीक्षण के उपरान्त 'सशक्त बेटियां, सशक्त बहराइच' की थीम पर आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का उपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने केक काटकर शुभारम्भ किया।

श्रीमती यादव ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में जन्मी बेटियों को उपहार भेंट कर अभिभावकों को बेटियों के जन्म पर बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती यादव ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा संतुलित आहार किट का वितरण भी किया। श्रीमती यादव ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आहवान किया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याणार्थ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा यह केवल उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का संदेश है कि बेटियां बोझ नहीं, अभिमान हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहराइच सदैव कन्या संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित रहा है।

इस अवसर पर ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, अन्य चिकित्सक, मीडिया प्रभारी, हॉस्पिटल मैनेजर, नर्सिंग अधीक्षिका तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीसीएम और ट्रेलर की टक्कर, दोनों के ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत

## बचाने के प्रयास में हुई आमने-सामने की टक्कर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



जिले में दो वाहन चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रेलर का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है। हाईवे पर दौड़ रहे एक पिकअप को बचाने के प्रयास में डीसीएम और ट्रेलर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई, जिससे चालक केबिन में फंस गए और जिंदा जल गए। डीसीएम में मशीनरी का सामान और ट्रेलर में सीमेंट लदा हुआ था। दरगाह थानाध्यक्ष रामज्ञा सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों चालकों की मौत हो चुकी थी।थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेलर चालक की पहचान जीतलाल यादव निवासी प्रयागराज के रूप में हुई है। वही दूसरे चालक की पहचान बुरी तरह से जल जाने के कारण अभी नहीं हो सकी है। बता दें कि डीसीएम सीमेंट लेकर नानपारा जा रहा था, वहीं मिनी ट्रक कृषि यंत्रों को लादकर बहराइच की ओर आ रहा था। हादसे में ट्रेलर का खलासी गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया था। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। होटल मालिक नान बाबू ने बताया कि देर रात आमने सामने दो वाहनों में टक्कर हो गई जिसके बाद दोनो में भीषण आग लग गई ।

हम लोगों इसकी सूचना दरगाह पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस बल व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची सभी ने मिलकर एक घंटे में आग पर काबू पाया जिसके बाद दोनो वाहनों के चालक को बाहर निकाला गया लेकिन दोनों की बुरी तरह से जलकर मौत हो चुकी थी । हादसे में बाद दोनो चालक बाहर नहीं निकल पाए थे ।

# रोडवेज बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, सात यात्री घायल

## बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर हुआ हादसा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली इलाके में स्थित बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर देर रात परिवहन निगम की एक बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यह घटना रविवार रात करीब एक बजे टिकोरा मोड़ के पास हुई। बस कानपुर से यात्रियों को लेकर बहराइच आ रही थी, तभी उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

# एएसपी सिटी ने किया थाना रानीपुर का औचक निरीक्षण

▸ एएसपी सिटी ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए किया निर्देशित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रविवार को देर रात में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने थाना रानीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, ड्यूटी/आगंतुक/अपराध रजिस्टर, मालखाना, हवालात एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का गहन निरीक्षण किया। अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस बल की उपस्थिति, बीट प्रणाली एवं गश्त व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने तथा अपराधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। एएसपी सिटी ने समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई को प्राथमिकता पर लेते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सतर्कता एवं सक्रियता बनाए रखें। इसके अतिरिक्त एएसपी सिटी ने पासिंग आउट परेड के उपरांत जनपद में नियुक्त नवदीक्षित आरक्षियों के थाने पर आवास एवं भोजन आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे उनके लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# खबरें एक नजर में

## बाइक सवार पर गिरा पेड़, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दुर्जनपुर घाट के पास नवाबगंज बॉर्डर पर (पिपरी गांव) एक पीपल का पेड़ मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग नवाबगंज तरबगंज रोड पर गिर पड़ा। जिसके नीचे मोटरसाइकिल से तरबगंज की तरफ से आ रहे रिंकू पुत्र काशीराम निवासी ग्राम सीरपुरवा धौरहरा थाना तरबगंज व अमित पुत्र नक़छेद यादव निवासी ग्राम हरना टायर भोपतपुर थाना नवाबगंज दब गए। जिससे मौके पर ही दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। दोनों शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पेड़ को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल करवा दिया गया है।



## दबंग शिक्षिका व पति ने सहायक अध्यापक की तोड़ी उंगली, उल्टे दर्ज करा दिया प्राथमिकी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** प्राप्त मामला थाना नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम नगवा कंम्पोजिट विद्यालय का है जहां के पीड़ित मोहम्मद रशीद अंसारी पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार अपने प्रार्थना पत्र में अंसारी ने कहा कि नगवा शिक्षा क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका अनुराधा दूबे व उसका पति समीर मोहन जो कहीं अन्य विद्यालय में कार्यरत है उक्त दोनों ने मामूली विवाद को बढ़ावा देकर स्कूल के अंदर अंसारी पर टूट पडे विपक्षी के कहने पर मौजूद तीन अज्ञात लोगों द्वारा भी पीड़ित अंसारी को मारपीट कर घायल कर दिया गया जिसकी सूचना पीड़ित ने किसी तरह डायल 112 पर किया और मौके पर आई पुलिस को पीड़ित ने अपने पीड़ा बताइी जबकि मामले की सूचना संबंधित थाना नवाबगंज को जब पीड़ित ने दिया तो थाने की पुलिस ने सुनने से इनकार कर दिया थक हार पीड़ित पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र देखकर लगाई न्याय के की गुहार जिसमें मांग किया गया कि हमलावर विपक्षी आराधना दूबे व समीर मोहन के साथ ही अज्ञातों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए खैर उक्त मामले को लेकर जब प्राथी पीड़ित ने बीएसए से न्याय की गुहार लगाई तो पता चला कि अपने राजनीतिक व दबंगई तथा धनबल के दम पर विपक्षी सहायक अध्यापक मोहम्मद रशीद अंसारी को निलंबित भी करा दिया जबकि यदि दोनों में विवाद में हुआ था तो ऐसे में बीएसए महोदय को दोनों को निलंबित कर जांच का आदेश देना चाहिए था इससे स्पष्ट होता है कि विपक्षी राजनीतिक व दबंग किस्म के व्यक्त है अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर क्या कार्रवाई करते है।

## कृषि विभाग की वेबसाइट पर बुकिंग से ही मिलेगा खरीफ फसलों का बीज



**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि, न्यूज़।** खरीफ में बोई जाने वाली फसलों जैसे धान,मक्का, अरहर, उर्द, मूंग, ढैंचा,तिल आदि का बीज कृषि विभाग की वेबसाइट upagriculture.com पर आनलाइन बुकिंग के बाद ही मिलेगा । अतः समस्त किसान भाइयों एवं बहनों से अनुरोध है कि खरीफ में बोई जाने वाली फसलों के सामान्य, संकर एवं मिनी किट बीज अनुदान पर प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण अवश्य करायें । कृषि विभाग की वेबसाइट पर दिनांक 22 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है । लक्ष्य से अधिक पंजीकरण होने कृषक का चयन आनलाइन लाटरी के द्वारा किया जायेगा तथा कृषक की जोत के आधार पर पीओएस मशीन से बीज दिया जायेगा। यह जानकारी विकासखंड मनकापुर के रवि प्रताप सिंह एडीओ एजी द्वारा दी गई।

# सांप के डसने से पति-पत्नी की हुई मौत

## घर में सोते समय काटा, इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर इलाके में देर रात एक दंपती को जहरीले सांप ने डस लिया। घर में सो रहे पति-पत्नी की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। यह घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के पडरिया ग्राम में हुई। रविवार रात खाना खाने के बाद सुनील अपनी पत्नी सपना के साथ जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान घर में छिपे एक जहरीले सांप ने दोनों को डस लिया। उनकी चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और कमरे में सांप को देखकर हैरान रह गए। सांप के डसने से गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को परिजन आनन-फानन में देर रात बहराइच जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। मृतक सुनील के पिता गोरखनाथ ने बताया कि सुनील भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता था। उन्होंने कहा कि रात को सभी ने एक साथ खाना खाया था और फिर अपने-अपने कमरों में चले गए। देर रात अचानक बहू और बेटे के चीखने की आवाज सुनकर वे दौड़े और सांप को देखकर दोनों को अस्पताल ले आए थे। नगर कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने पर दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# योग में षटकर्म कार्यशाला आयोजित, छात्र-छात्राओं को कराया गया अभ्यास

▸ आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार पर जोर, विशेषज्ञों ने बताए स्वास्थ्य लाभ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन, आयुष विभाग बहराइच एवं एसकेएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के सभागार में 'योग में षटकर्म' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के पारंपरिक शुद्धिकरण क्रियाओं का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने जल नेति, सूत्र नेति, कुंजल क्रिया, धोति, नौली, त्राटक एवं कपालभाति जैसी महत्वपूर्ण षटकर्म क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए उनके लाभ और विधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि ये क्रियाएं शरीर को अंदर से शुद्ध कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रंजन वर्मा, प्राचार्य डॉ. सतीश चन्द्र तिवारी, डॉ. राजेश, डॉ. निराला एवं डॉ. उपेन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में डॉ. रंजन वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार आयुष पद्धति के विकास और विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे लोगों को प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार पद्धति का लाभ मिल सके। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला ने वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन एवं आयुष विभाग बहराइच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के लिए संस्थान हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।?कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा योग गीत का वाचन भी किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. निशा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम संयोजक उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी,डॉ. मुकेश, डॉ. पवन, डॉ. देवेश, डॉ. उमेश, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. संदीप, डॉ. मनीष, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. शालू, डॉ. इरफान, डॉ. प्रियंका एवं संजय गौतम सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक विश्वकर्मा, रिया हाजरा एवं अव्या जायसवाल ने किया, जबकि अंत में प्राचार्य डॉ. सतीश चन्द्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 14 महिलाओं ने उठाईं समस्याएं, 5 दिन में निस्तारण के निर्देश

▸ देवीपाटन में शक्ति संवादः दैनिक मॉनिटरिंग के आदेश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय, गोण्डा में सोमवार को नवागत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष महिला जनसुनवाई में कुल 14 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के उच्च स्तर तक पहुंचा सकें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण 5 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही, किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा एवं उत्पीड़न जैसे मामले प्रमुख रूप से सामने आए। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में ग्राम कन्धरातेजी की रेनू ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पति व ससुर की मृत्यु के बाद वरासत हेतु आवेदन किया, लेकिन लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगाकर प्रकरण को विवादित दिखा दिया। आरोप है कि 30 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर ऐसा किया गया। रेनू के दो छोटे बच्चे हैं और उन्हें संपत्ति पर कब्जा भी नहीं मिल पा रहा है। इस पर आयुक्त ने अपर आयुक्त को जांच कर वरासत दर्ज करने की निर्देश दिये साथ ही कहा बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही महिला को विधवा पेंशन का लाभ देने एवं राशन कार्ड बनवाने के निर्देश डीपीओ को दिए। आयुक्त ने सभी प्रकरणों को प्राथमिकता में रखते हुए अधिकारियों को मौके पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की दैनिक मॉनिटरिंग करते हुए समयसीमा के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा शिकायतकर्ताओं को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# यूपी होमगार्ड भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जनपद गोण्डा के परीक्षा केंद्र राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी स्मारक इण्टर कॉलेज, डुमरियाडीह, गोण्डा व महाराजा देवी बक्श सिंह इण्टर कॉलेज बेलसर, तरबगंज, गोण्डा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। इस क्रम में सुरक्षा प्रबंधों, अभ्यर्थियों के सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित एवं समयबद्ध वितरण तथा परीक्षा की प्रभावी निगरानी प्रणाली का गहनता से जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न होती पाई गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संचालित हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल, सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित की गई हैं, जिससे अभ्यर्थियों को एक सुरक्षित एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण प्राप्त हो सके।

## पेड़ काटने से मना करने पर वृद्ध की पिटाई से हुई मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** धाने पुर थाना क्षेत्र के अल्फ नगर रुद्र गड़ नौसी गांव के निवासी 70वर्षीय देव नारायण दुबे के घर पर राम नारायण राम निवासी शिव कुमार मोहित सहित सात लोगों ने शनिवार के दिन घर चढ़ कर हमला कर दिया जिस में उस की पत्नी कांति देवी पुत्र संजय दुबे पर हमला कर दिया। जिस में तीनों घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया।हालत खराब होने पर लखनऊ के लिए रेफर किया गया। लखनऊ न ले जाकर देव नारायण दुबे को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र संजय दुबे ने बताया कि उस को और उसकी मां कांति देवी को लाठी डंडा से मारा पीटा गया था।

# जनगणना पर्यवेक्षकों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया आयोजित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में प्रस्तावित जनगणना- 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण चार्जों में प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण नगर पंचायत परसपुर, नगर पंचायत धानेपुर, तहसील करनैलगंज तथा तहसील मनकापुर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना से जुड़े कार्मिकों को मकान सूचीकरण, भवनों के वर्गीकरण, परिवारों की पहचान, तथा डेटा संकलन की सटीक प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल एवं मैनुअल दोनों माध्यमों से जानकारी संकलित करने की विधियों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, उन्हें फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में भी समझाया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन अनुभवी फील्ड ट्रेनर्स विपिन चन्द्र वर्मा एवं राखाराम गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की महत्ता, गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी तथा सटीक एवं निष्पक्ष आंकड़ा संकलन के महत्व पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रायोगिक अभ्यास (प्रैक्टिकल सेशन) भी आयोजित किए गए।



## सड़क दुर्घनाओं में एक वृद्ध सहित दो लोगों की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तरब गंज थाना क्षेत्र के शुकुल पुरवा गांव के निवासी 65 वर्षीय जगदीश तिवारी पुत्र जंग बहादुर तिवारी किसी काम से अपने घर से थोड़ी दूर स्थित आजाद नगर बेलसर मार्ग पर आए थे। सड़क के बाईं तरफ खड़े हुए थे।सामने से तेज रफ़्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। इटिया थोक थाना क्षेत्र के खिरौरा सहबाग निवासी 20 वर्षीय राहुल पुत्र गंगा राम अपने मित्र रमेश कुमार के साथ शनिवार के देर शाम को एक शादी समारोह में मुंडेरवा ग्राम सभा में आए हुए थे।शादी समारोह से देर रात्रि में वापस घर जाते समय पड़री नाहर में बाइक अनियंत्रित हो कर पलट गई।

# डिप्टी सीएम ने सुनीं जन-समस्याएं, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास, 7 कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा, किसान और दिव्यांगजन अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए, जिसमें मुख्य रूप से विकास कार्य नाली, खड़ंजा और पेयजल (पानी) की आपूर्ति। प्रशासनिक मामले राजस्व संबंधी विवाद और पुलिस प्रशासन से जुड़ी शिकायतें। आवास योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ में आ रही बाधाएं। आर्थिक सहायता गंभीर बीमारियों के इलाज और अन्य व्यक्तिगत जरूरतों के लिए आर्थिक मदद।



▸ जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री ने मौके से ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से दूरभाष पर की वार्ता

जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री ने मौके से ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी फतेहपुर, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, मुजफ्फरनगर, अम्बेडकर नगर और लखीमपुर खीरी। पुलिस प्रशासन पुलिस आयुक्त (वाराणसी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (आजमगढ़, उन्नाव, रामपुर, कन्नौज)। नगर निकाय एवं अन्य नगर आयुक्त (प्रयागराज), जनरल मैनेजर (इफ्को), जीएम (एनसीआर) और बेसिक शिक्षा अधिकारी (मिर्जापुर) जनता दर्शन के दौरान कुशीनगर निवासी दिव्यांग राम आसरे यादव ने आवास की समस्या उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

श्री मौर्य ने उन्हें ढांढस बंधाया और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्रदान करने के लिए पूर्ण मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राम आसरे के मामले में तत्काल कार्रवाई कर उन्हें लाभान्वित किया जाए।

## संवेदनशील होकर समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी : योगी



लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा। जनता दर्शन में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा-चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कुराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दी। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

# आस्था के स्थलों के संरक्षण से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना : जयवीर

▸ बरेली में आस्था के केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण के लिए 791 लाख रुपये स्वीकृत



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत बरेली मण्डल के अंतर्गत आने वाले बरेली जनपद के लिए विभिन्न विधानसभाओं के लिए पर्यटन विकास के लिए 12 पर्यटन विकास योजनाओं के लिए 791 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए यूपीएसटीडीसी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

कार्यदायी संस्था को निर्देश जारी किये गये हैं, इन परियोजनाओं के समस्त कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। ताकि इसका लाभ आमजनता एवं श्रद्धालुओं को मिल सके। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बरेली के मीरगंज में स्थित ठाकुर जी मंदिर स्थल का पर्यटन विकास के लिए 67 लाख रूपये, फरीदपुर के शिवमंदिर पहलऊनाथ के पर्यटन विकास के लिए 65 लाख रूपये, फरीदपुर के ही मगनपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 67 लाख रूपये, आंवला विधानसभा क्षेत्र में स्थित महाभारत कालीन द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क के लिए 64 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

इसी प्रकार आंवला में ही गुलड़िया गौरीशंकर मंदिर स्थित यात्री हाल के सुदृढ़ीकरण हेतु 45 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि बिथली चौनपुर शिरोही मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 69 लाख रूपये, आंवला में स्थित अहिछत्र के समेकित पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रुपये, भोजीपुरा में स्थित पूर्णगिरी शिवमंदिर के लिए 71 लाख रूपये, बरेली कैंट स्थित आनंद आश्रम मंदिर बरेली के लिए 53 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। बरेली शहर बड़ा बाग स्थित हनुमान मंदिर पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 70 लाख रूपये, बरेली शहर में ही श्री सीताराम मंदिर पर अवस्थापना सुविधाओं के लिए 70 लाख रूपये तथा बरेली के प्रेम नगर में स्थित त्रिवटीनाथ मंदिर पर फसाड लाइटिंग के लिये 01 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

बरेली एक प्राचीन शहर है, इसे नाथ नगरी के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर एक कतार में कई मंदिर स्थित हैं, जहां विभिन्न अवसरों पर पूजा अर्चन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहती है। कुछ मंदिरों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य के लिए योजनाएं स्वीकृत की गयी है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि प्रदेश के हर जिले में स्थित आस्था के स्थलों को सौन्दर्यीकरण कर वहां बुनियादी सुविधाएं सुलभ करायी जाए। इससे सांस्कृतिक विरासत भी सुरक्षित होगी तथा श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ेगी।

## खबरें एक नजर में

### सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज ने भूमि फेस्ट 2026 में बिखेरी चमक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज के विद्यार्थियों ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित पर्यावरण विषयों पर आधारित अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता 'भूमि फेस्ट 2026' में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय ने मॉडल डिस्प्ले श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर सर्वोच्च सम्मान हासिल किया, जो विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपलब्धियों में और इज़ाफ़ा करते हुए, फ़िज़ा मंसूद को उनके उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल और पर्यावरणीय मुद्दों की गहरी समझ के लिए 'सर्वश्रेष्ठ वक्ता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। समृद्धि ने भी अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया और इस आयोजन में विद्यालय की समग्र सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रबंधक श्री शाहबा हैदर ने सुश्री फ़ाइमा हुसैन और सुश्री भाव्या शुक्ला के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनकी निरंतर मेहनत और मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके कठिन परिश्रम, उत्साह और समर्पण की सराहना की। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि को समग्र शिक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में मना रहा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया ट्रक, चालक झुलसा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में सोमवार सुबह एक ट्रक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे ट्रक में करंट दौड़ गया और उसके पहियों से धुआं निकलने लगा। घटना में ट्रक चालक मामूली रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चालक की पहचान एटा निवासी नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह हरियाणा के झज्जर से क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंपनी के कूलर लादकर बीबीपुर स्थित वीआरपी टेलीमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम जा रहे थे। गांव के रास्ते में 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के तार नीचे लटके होने के कारण ट्रक उनकी चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने लाठी-डंडों की मदद से तार को ट्रक से अलग किया और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। हालांकि, बाद में विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में झूलते तारों की शिकायतें लगातार की जा रही हैं, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे उनमें आक्रोश है।

### स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्विद्यालय मेरठ में लोकोत्सव आज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय लोकोत्सव का आयोजन कल 28 अप्रैल को प्रातः10 बजेसे सत्यजीत रे प्रेक्षागृह स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में किया जाएगा। निदेशक, लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी ने बताया कि आयोजन साहित्यिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समन्वित मंच होगा, जिसमें लोक कला, लोक संगीत एवं परंपरागत सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की समृद्ध प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की 'मुख्य अतिथि' के रूप में कांता कर्दम पूर्व राज्यसभा सांसद की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक कला, लोक संगीत एवं परंपरागत अभिव्यक्तियों को एक मंच पर लाकर इनके संरक्षण तथा अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने बतायाकि लोक जीवन में सांस्कृतिक परंपराओं का अत्यधिक महत्व है। यह हमारी विरासत है।

### लखनऊ से हज यात्रियों की सातवीं फ्लाइट ने भरी उड़ान, 417 लोग पहुंचे मदीने

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का काफिला लगातार रवाना हो रहा है । यात्रियों की 7 वीं फ्लाइट ने उड़ान भरा। 22 अप्रैल को हज यात्रियों की पहली फ्लाइट रवाना हुई थी ये सिलसिला 2 मई तक जारी रहेगा। पहले जत्थे को अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी और कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज यात्रियों की 7 वीं फ्लाइट रवाना हुई जिस से 417 हज यात्री सऊदी अरब के शहर मदीना पहुंचे इसमें 224 पुरुष और 193 महिलाएं शामिल थी। अब तक हज पर जाने वाले लखनऊ, कानपुर, बहराइच, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हापुड़ और सीतापुर समेत विभिन्न जनपदों के यात्री है। हज यात्रियों के रुकने की व्यवस्था सरोजिनी नगर स्थित हज हाउस में की गई है। एसपी तिवारी ने कहा कि हज हाउस में यात्रियों को पूरी सुविधा प्रदान की जा रही है। लखनऊ से जाने वाली फ्लाइट्स में हाजियों की सुविधा के लिए हज इंस्पेक्टर भेजे जा रहे हैं। हज कमेटी में हाजियों के रुकने की भोजन की तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए पीने के लिए ठंडा पानी और कमरों में एसी की सुविधा उपलब्ध है। हज हाउस के अंदर कैंटीन की सुविधा है जहां पर रियायती दाम पर भोजन उपलब्ध है। हज हाउस के बाहर मोबाइल टॉयलेट और ट्रैफिक व्यवस्था समेत तमाम चीजों का संपूर्ण रूप से बंदोबस्त किया गया है। यूपी के विभिन्न जनपदों से हज यात्रियों को लेकर आने वाले उनके परिजनों की सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। हज हाउस के अंदर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बाहर भी व्यवस्था की गई है।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों की भूमिका समान : महाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ नेपाली मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने की विधानसभा अध्यक्ष से भेंट

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि भारत और नेपाल के मध्य प्राचीनकाल से ही घनिष्ठ एवं आत्मीय संबंध रहे हैं, जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आधार पर निरंतर सुदृढ़ होते रहे हैं।

भारत भ्रमण पर आए नेपाल के 20 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभा में अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान यह विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष ने कहा कि किसी विषय को प्रस्तुत करने से पूर्व उसकी पूर्ण एवं सत्य जानकारी का परीक्षण आवश्यक है।

वर्तमान समय में टीआरपी की प्रतिस्पर्धा के कारण नकारात्मकता को प्रमुखता दिए जाने की प्रवृत्ति चिंताजनक है, जबकि मीडिया का दायित्व समाज में संतुलित एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है।उन्होंने मीडिया की भूमिका को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर संसद एवं विधान सभा की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों की समान भूमिका होती है तथा अध्यक्ष दोनों के प्रति समान रूप से उत्तरदायी होता है। उन्होंने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा पूर्णतः आधुनिक एवं डिजिटल स्वरूप में विकसित हो चुकी है, जहां पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ कार्य संपादित किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विधानभवन का भ्रमण किया तथा विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया। अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को विधानमंडल की कार्यप्रणाली विधि-निर्माण प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका अध्यक्ष द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। उन्हें विधानमंडल की कार्यप्रणाली तथा कानून निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। नेपाल के 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इन दिनों उत्तर प्रदेश के दौरे पर है, विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहा है।इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाजीपुर में सरकार के इशारे पर हो रहा सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न : अखिलेश

▸ पूर्व सीएम ने की पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को गाजीपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि यह कार्रवाई सरकार के इशारे पर की गई है, और इसमें भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।

अखिलेश ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि गाजीपुर में जो सपा कार्यकर्ता के साथ जो हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ है और इसमें सरकारी अधिकारियों और भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाये।

अखिलेश यादव ने बताया कि विश्वकर्मा समुदाय और पार्टी के सहयोग से धन जुटाकर पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही, उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार को पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा और महिला सभा अध्यक्ष सीमा राजभर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। गौरतलब है कि गाजीपुर में 15 अप्रैल को 17 वर्षीय किशोरी का शव गंगा नदी में मिला था। परिजनों ने यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है। इससे पहले 22 अप्रैल को पीड़िता के परिवार से मिलने गए सपा प्रतिनिधिमंडल पर पथराव हुआ था, जिसमें पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू कर दी है और पीड़िता के गांव में किसी के जाने पर रोक लगा दी है। इस बीच, सरकार ने बयान जारी कर कहा कि कुछ शरारती तत्व अपुष्ट अफवाहें फैला रहे हैं और विपक्ष मामले को सनसनीखेज बनाने की कोशिश कर रहा है। सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर दर्ज प्राथमिकी पर अखिलेश ने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें प्रसारित हो रही हैं। सरकार को इन्हें बनाने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए। हम कुछ पोस्ट करते हैं तो तुरंत प्राथमिकी हो जाती है।

# समीक्षा बैठक में महापौर का अवैध कब्जों पर सख्त निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को संपत्ति विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद सहित सभी नायब तहसीलदार, लेखपाल, कानूनगो एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान नगर निगम की संपत्तियों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों की विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और कब्जा मुक्त कराई गई जमीनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि कब्जा हटाने के बाद संबंधित भूमि की तत्काल ताड़बाड़ (फेंसिंग) एवं बायो फेंसिंग कराई जाए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति न बन सके। इसके अलावा बैठक में संपत्तियों के सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। महापौर ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि ग्राम सभा संपत्ति रजिस्टर को प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्पष्ट और अद्यतन रिकॉर्ड से न केवल संपत्तियों की निगरानी आसान होगी, बल्कि अवैध कब्जों पर भी प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। महापौर ने कब्जा मुक्त कराई गई संपत्तियों की नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी जिम्मेदार अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें।

बैठक के अंत में महापौर ने कहा कि इस विषय पर जल्द ही पुनः समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बैठक में वे पूर्ण तैयारी और अद्यतन रिकॉर्ड के साथ उपस्थित हों, ताकि प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

# एलयू में फीस वृद्धि को लेकर एनएयूआई का प्रदर्शन, कटोरा लेकर मांगी भीख

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ यूनिवर्सिटी में फीस वृद्धि को लेकर एक बार फिर छात्रों ने प्रदर्शन किया। सोमवार को कैंपस में एनएयूआई से जुड़े स्टूडेंट्स ने कटोरा लेकर भीख मांगी और फिर विश्वविद्यालय प्रशासन को चंदा सौंपने लगे।

मौके पर मौजूद प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों से छात्रों की तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। इससे पहले एसएफआई ने भी विश्वविद्यालय प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए फीस वृद्धि वापस लेने की बात कही थी। सोमवार को एनएयूआई से जुड़े छात्रों के गुट ने अचानक से गेट नंबर एक के पास प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान विरोध के रूप में कटोरा लेकर भीख मांगने लगे। अचानक से स्टूडेंट्स को भीख मांगते हुए देख बाकी स्टूडेंट्स भी हैरान रह गए। इस बीच लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई। हंगामा बढ़ता देख मौके पर विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े लोग भी पहुंचे। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने जब भीख मांग रहे स्टूडेंट्स को रोकना चाहा, तो वो बिफर पड़े। इस दौरान स्टूडेंट्स की प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों से तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद गुस्साए स्टूडेंट्स गेट के बीचोंबीच धरने पर बैठ गए। इस दौरान स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों रुपये की फीस लेने के बावजूद छात्रों को दूषित पानी दिया जा रहा है। स्टूडेंट्स ने दावा किया कि पानी का टीडीएस स्तर 702 पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### यूपी में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। यूपी में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और राज्य में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। यह बयान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की ओर से सोमवार को संयुक्त रूप से जारी किया गया। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में मजबूत बुनियादी ढांचे, सतत निगरानी व्यवस्था और प्रभावी समन्वय तंत्र के जरिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में राज्य में कुल 13,168 रिटेल आउटलेट (ऑयल कंपनियां 12,331 और निजी 863) तथा 28 सप्लाई लोकेशन संचालित हैं। यहां से प्रतिदिन लगभग 20 टीकेएल पेट्रोल (एमएस) और 33 टीकेएल डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति की जा रही है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं और कहीं भी बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

सहूलियत — पूर्व में पंजीकृत मोटर वाहनों की खरीद फरोख्त की प्रक्रिया में संशोधन

# एडीआरवी लागू होने से वाहनों के खरीद फरोख्त प्रक्रिया ऑनालाइन : दयाशंकर

▸ नए नियम एक अप्रैल से हैं प्रभावित, नए नियमों के तहत पंजीकृत वाहन के अधिकृत व्यापारी की व्यवस्था को विधिक मान्यता की गई प्रदान



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयोग में लाए गए अथवा पूर्व में पंजीकृत मोटर वाहनों की खरीद फरोख्त की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं डिजिटल माध्यम से सुव्यवस्थित बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियम में संशोधन किए हैं।

नए नियम 1 अप्रैल से प्रभावित हैं। नए नियमों के तहत पंजीकृत वाहन के अधिकृत व्यापारी की व्यवस्था को विधिक मान्यता प्रदान की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार प्रयोग में लिए गए वाहनों के क्रय विक्रय से संबंधित प्रक्रियाएं ऑनलाइन के संपादित होंगी।

इससे वाहन स्वामी, अधिकृत डीलर, परिवहन प्रशासन के मध्य उत्तरदायित्व का निर्धारण होगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि पंजीकृत वाहनों के खरीद फरोख्त में संलग्न डीलरों को संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी से ऑथराइजेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण पत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जाने पर निर्गत किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र सामान्यतः 5 वर्ष के लिए वैध होगा।

साथ ही वाहन स्वामी को भी वाहन के कब्जे एवं उत्तरदायित्व से संबंधित प्रमाणिक अभिलेख पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। नए प्राविधान के अंतर्गत अधिकृत डीलर को अपने कब्जे में उपलब्ध वाहनों के संबंध में पंजीकरण प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, फिटनेस प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना, अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करना तथा वाहन स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। रजिस्टर्ड डीलर को अपने पास उपलब्ध वाहनों का विवरण एक इलेक्ट्रॉनिक इन्वेंटरी रजिस्टर में रखना होगा तथा वाहनों के उपयोग से संबंधित सभी विवरण पोर्टल पर अपडेट करने होंगे। इस प्रणाली का सफल प्रतिपादन किया जा चुका है तथा विकसित प्रणाली को वाहन पोर्टल पर लाइव किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है जल्द ही यह पूर्ण रूप से एक्टिवेट कर दी जाएगी। इस नवीन प्रणाली के लागू होने से प्रयोग में लाए गए वाहनों की क्रय-विक्रय की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनेगी। वाहन स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, त्वरित एवं विश्वसनीय बनाया जा सकेगा।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटौंजा थाने की एरिया में सोमवार सुबह महोना नहर के पास बाइक व डीसीएम में जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। तथा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जहां पर घायल व्यक्ति की लखनऊ ड्रामा सेंटर में इलाज किया जा रहा है टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक डीसीएम के नीचे जा घुसी और काफी दूर तक ट्रक के साथ रगड़ती चली गई। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा पुलिस को दी गई।

उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी अरविन्द तिवारी मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां ट्रक संख्या क्क 34 ष्ट 9129 एवं मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार प्रशांत सिंह पुत्र उदयभान सिंह, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी बाहरगांव शिवरी, थाना इटौंजा, लखनऊ की मौके पर ही मृत्यु हो गई।वहीं, दूसरे सवार वीरपाल सिंह पुत्र घनश्याम सिंह, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी माधवपुर मरपा, थाना इंटौजा, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर, केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

मौके पर उपस्थित परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक आपस में मित्र थे और विगत रात्रि जनपद बाराबंकी में एक शादी समारोह में शामिल होने के उपरांत प्रातः अपने घर लौट रहे थे, तभी उक्त दुर्घटना घटित हो गई।

मृतक के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पंचायतनाम की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

घटना के उपरांत ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। ट्रक को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### पुवायां की ज्योत्सना को मिली पीएचडी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सीएसआईआर नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पुणे ने पुवायां के गांव पटई निवासी आकाश वाजपेयी की पत्नी ज्योत्सना पालीवाल वाजपेयी को रासायनिक विज्ञान में सीओ-2 के हाइड्रोजनीकरण से मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण के लिए उत्प्रेरक विकास विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. विनोद सी. प्रभाकरन के मार्गदर्शन में पूरा किया है। ज्योत्सना ने बताया कि यह उपलब्धि वर्षों की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन ने उपलब्धि को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि इस उपाधि उनके लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और वह आगे भी वैज्ञानिक अनुसंधान और समाजोपयोगी तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सरकारी विद्यालय की खिड़की तोड़ सामान व रिकॉर्ड की चोरी, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका व वार्ड सभासद ने दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सरकारी प्राथमिक विद्यालय की खिडकी तोडकर सामान व पुराना रिकॉर्ड आदि चोरी हो जाने की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्वेता सिंह व वार्ड सभासद छाया देवी ने संयुक्त रूप से कोतवाली में तहरीर दी है। श्वेता सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 27 अप्रैल को प्रातः विद्यालय खोलने के पश्चात कमरे का ताला खोला गया। तो कमरे का सामान बिखरा पडा था और विद्यालय की अलमारिया खिसकी हुई थी और अलमारी के पीछे की खिडकी का दरवाजा टूटा हुआ एवं खिडकी का लोहे का जाल काटकर सरिया निकाली गई और उससे विद्यालय की सैमसंग कम्पनी की एलईडी टीवी, बीएलपी कम्पनी फर्राटा पंखा, एक बडी परात, बडे भगौने के तीन ढक्कन, एक स्टील जग, एक स्टील वाल्टी तथा वक्से का ताला तोडकर उसमे रखे पुराने रिकार्ड भी ले गयें। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### शादी में डीजे डांस को लेकर दो बाराती भिड़े, एक घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीती रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे पर डांस को लेकर दो बाराती परस्पर भिड़ गए। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस लड़ने वाले बाराती व घराती को भी कोतवाली ले आई। जहां सुबह दोनो समधी ने समझौता कर लिया। तदोपरांत लड़की की विदाई की गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को तिलहर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में खुदागंज क्षेत्र के गांव जिगिनिया से बारात आई थी। बारात के बाद द्वारचार की रस्म हुई। इस दौरान बाराती खाना खाने लगे। वहीं कुछ बाराती डीजे पर डांस में मस्त थे। इसी बीच दो बाराती डांस को लेकर भिड़ गए। फिर क्या था दोनो के बीच जमकर मुक्का लात हुआ। मारपीट में एक युवक चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस झगड़ने वाले दोनो बारातियों व घरातियों को भी कोतवाली ले गई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी थी। बाद में दोनों पक्षों (समधियों) का परस्पर समझौता हो गया। बाद में बेटी की विदाई कर दी गई।

### बग्घी का किराया बना बवाल की वजह, बारात में मारपीट, 112 टीम पर हमला

**मदनापुर,शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव हैदलपुर में बीती रात एक शादी समारोह के दौरान जमकर बवाल हो गया। दूल्हे के लिए आई बग्घी के पैसे मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर पहुंची पीआरवी 112 की पुलिस टीम पर ही ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि बारात चढ़ने के बाद बग्घी स्वामी ने अपने पैसे मांगे, लेकिन आरोप है कि भुगतान नहीं किया गया। इस पर कहासुनी के बीच बग्घी मालिक के साथ मारपीट भी की गई। खुद को असहाय पाकर उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुलाया। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 टीम के साथ भी ग्रामीणों ने अभद्रता की और देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई आरोप है कि पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया, उनकी वर्दी फाड़ दी गई और कैमरा भी तोड़ दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है। वहीं बग्घी स्वामी ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गौवंश को 'राष्ट्र माता' का गौरव दिलाने को परशुरामपुरी में शंखनाद



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** भारत की सांस्कृतिक पहचान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ गौवंश को उसका खोया हुआ सम्मान दिलाने के लिए सोमवार को जलालाबाद (परशुरामपुरी) में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देशव्यापी गौ सम्मान आवाहन अभियान के बैनर तले भारतीय बजरंग दल और क्षेत्र के गौभक्तों ने केंद्र व प्रदेश सरकार से गौवंश को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा देने की पुरजोर मांग की। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब गौवंश की सुरक्षा केवल नारों में नहीं, बल्कि कड़े कानूनों में दिखनी चाहिए। तहसील परिसर में गौभक्तों का हुजूम दो हिस्सों में बँटा था। नगर परशुरामपुरी की ओर से प्रथम ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय राय को सौंपा गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने तहसीलदार के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की। अधिकारियों को सौंपे गए ये मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित हैं। ज्ञापन सौंपने से पहले कार्यकर्ताओं ने जलालाबाद तहसील के दर्जनों गांवों में डोर-टू-डोर संपर्क किया। युवाओं की टोलियों ने घर-घर जाकर गौ-सेवा का महत्व समझाया और लगभग हजारों नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र तैयार किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह हस्ताक्षर उन करोड़ों सनातनी भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं जो गाय को पशु नहीं, बल्कि अपनी माता मानते हैं। ज्ञापन के माध्यम से गौभक्तों ने सरकार को याद दिलाया कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी सिद्ध होगा जब देश का किसान रासायनिक जहर छोड़कर गो-आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटेगा। वक्ताओं ने कहा कि पिछली सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य (जैसे राम मंदिर और अनुच्छेद 370) किए हैं, इसलिए अब समस्त सनातन समाज को उम्मीद है कि गौ-संरक्षण पर भी निर्णायक प्रहार होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य रूप से मुनिराज सिंह, सचिन पांडेय, विपिन सिंह, अजय चंदेल, झब्बू सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, सुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, निखिल चंदेल, राघवेंद्र सिंह, छोटू, निर्भय सिंह, अमित कुमार, एड. अभिषेक वर्मा, आदित्य सिंह, अनिकेत, बृजेश, लोकेश सिंह, आयुष मिश्रा, संदीप राठौर, सोम प्रताप सिंह, संतोष राजपूत, रामवीर सिंह, गोविंद सिंह चंदेल, धीरज शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, विकास सिंह, अवनीश सिंह और शिवम परमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुकिंग पर गाड़ी लेकर आए युवक का कार में मिला शव

- गर्दन के नीचे लगी गोली, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





> पुवायां थाना क्षेत्र में एक गाड़ी के अंदर एक व्यक्ति का शव मिला है। जिसे कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है। गाड़ी के अंदर एक तमंचा मिला है। प्रतीत होता है की गोली उसी से चलाई गई है। पीएम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –दीक्षा भवरे, एसपी ग्रामीण

शहर का रहने वाला एक व्यक्ति अपनी गाडी बुकिंग पर लेकर शादी में आया था। जिसका सोमवार की सुबह बडागांव से सदापुर गांव जाने वाले रास्ते के बीच में गन्ने के खेत में गाडी के अंदर खून से लथपथ शव होने की जानकारी पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शाहजहांपुर के मोहल्ला नई बस्ती दलेलगंज रेती थाना आरसी मिशन निवासी कुलदीप राठौर पुत्र चंद्रपाल उम्र लगभग 40 वर्ष अपनी गाड़ी को बुकिंग पर चलाया करता था कल रविवार शाम को वह किसी के साथ शाहजहांपुर से बडागांव आया था। सोमवार को सुबह लगभग 6.30 बजे राहगीरों के द्वारा पुलिस को सूचना मिली की सदा पुर गांव से पहले गन्ने के खेत में एक कार खडी है। जिसमें एक युवक है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और देखा कि गाड़ी का दरवाजा खुला था और उसकी पीठ पर घाव का निशान था। ऐसा प्रतीत हो रहा है की उसके किसी ने गोली मारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खून और मिट्टी के नमूने लिए। एसपी ग्रामीण दिक्षा भवरें और क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक कुलदीप के परिवार में उसके अलावा दो भाई कमल और विमल हैं। मृतक अपने पीछे 12 वर्ष का बेटा श्लोक और पत्नी मीना छोड़ गया है। कुलदीप अपने सब भाइयों में सबसे बडा था। एक भाई मेडिकल स्टोर पर प्राइवेट नौकरी करता है। तथा दूसरा भाई बरेली में रहकर पढाई कर रहा है। उसने लगभग 14 वर्ष पूर्व गाडघे खरीदी थी। तभी से ही वह बुकिंग पर गाडी शादी पार्टियों में लेकर आता जाता था। गाडी के अंदर एक तमंचा और उसके अंदर फंसा हुआ कारतूस का खोखा मिला है। इसके साथ मृतक की जेब में रखी पर्स और मोबाइल गायब है। पुलिस ने मृतक कुलदीप की गाडी घटना स्थल से अपने कब्जे में ले ली है।

## एसपी ने पुवायां कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



**पुवायां, शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क समेत तमाम रजिस्टर भी देखे। साथ ही कोतवाल को दिशा निर्देश दिए। सोमवार को एसपी सौरव दीक्षित ने सीओ प्रवीण मालिक के साथ पुवायां कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्पडेस्क में महिला फरियादियों का रजिस्टर देखा साथ ही उन्होंने कहा कि इस रजिस्टर में कोतवाली में आई पीड़ित महिलाओं की एंट्री होनी चाहिए, उसके बाद उन्होंने कार्यालय में जाकर सभी रजिस्टर देखे उसके बाद उन्होंने मेश, बैरक, शिशु ग्रह समेत तमाम चीजों को देखा साथ ही एसपी ने कोतवाली आर के रावत को दिशा निर्देश दिए।

## मृतक के भाई की ओर से दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र के अशोक विहार निवासी संजय राठौर ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके भाई अजय राठौर 40 शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे अपनी पत्नी शालू राठौर और बेटी ईवांशी के साथ बाइक से थाना पुवायां क्षेत्र के गांव बीरमपुर जा रहे थे। रास्ते में थाना सिधौली क्षेत्र के चककन्हऊ गांव के सामने नगला लाहौरी निवासी रोहित ने लापरवाही से वाइक चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बताया गया कि आरोपी के साथ योगेंद्र भी मौजूद था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अजय राठौर, उनकी पत्नी शालू और बेटी ईवांशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सीएचसी सिधौली पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने अजय राठौर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया गया।

## शारदा नहर में डूबे युवक का उतराता मिला शव

- तीन दिन पूर्व शारदा नहर में नहाने के दौरान हुआ था हादसा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तीन दिन पूर्व शारदा नहर में नहाने गए चार दोस्तों में से एक युवक डूब गया था।जबकि उसके तीन दोस्त सुरक्षित बाहर निकल आए थे। थाना निगोही क्षेत्र के अब्दुल कलाम नगर गांव के रहने वाले राशिद, रामजीत, अतुल और तस्लीम शनिवार दोपहर पुवायां क्षेत्र के गांव नवाबपुर गंगा में शारदा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय चारों दोस्त गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जिसमें तीन दोस्त किसी तरह पानी से बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन राशिद गहरे पानी में समा गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद दोस्तों ने राशिद के डूबने की सूचना स्थानीय लोगों और उसके परिवार को दी थी। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई साथ ही फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया था। गोताखोरों की मदद से डूबे हुए युवक की तलाश कई घण्टे लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। दो दिनों से एन डी आर एफ की टीम डूबे हुए युवक की तलाश कर रही थी लेकिन दो दिनों से शव की तलाश नही कर सकी थी। सोमवार की सुबह गांव नबावपुर गंगा पुल के पास ग्रामीणों ने युवक का शव नहर में तैरते देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त राशिद के रूप में की गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



- स्कूटी व बाइक की टक्कर में तीन घायल
- अनियंत्रित कर डिवाइडर से टकराई, पांच दोस्त घायल

हाईवे पर अलग अलग हुई दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए। जिनमें से तीन घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जबकि पांच अन्य घायलों को। उनके परिजन निजी अस्पताल में ले गए। हाईवे स्थित पूर्वी तिराहे के पास सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक बाइक और स्कूटी में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से स्कूटी सवार मनीष कुमार और उनकी पत्नी नन्ही देवी घायल हो गई। जो कटरा थाना क्षेत्र के रामपुर उत्तरी गांव की रहने वाली है। इसके अलावा बाइक सवार जोगेंद्र कुमार भी घायल हुआ है। घायल जोगेंद्र बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र के रूरिया रायपुर गांव का रहने वाला है। घायल हुए हरिशंकर ने जानकारी देते हुए बताएं कि वह अस्पताल में भर्ती एक मरीज को देखने आए थे। उसके बाद अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजवाया।

उधर हाईवे पर अनियंत्रित होकर एक कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में पांच दोस्त घायल हो गए। घायलों को उनके अन्य दोस्त दूसरी कार से शाहजहांपुर के निजी अस्पताल ले गए । लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी नीरज कुमार ने बताया कि उनके साथ में प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले मेरठ निवासी पंकज सिंह की शादी मेरठ में थी। पंकज की शादी में वह एक कार से अपने कुछ दोस्तों के साथ तथा दूसरी कार से उनके साथी प्रदीप राय, सर्वेश कुमार, सुरजीत सिंह, निकेत भारद्वाज व भूपेंद्र कुमार शामिल होने गए थे। शादी में जय माल कार्यक्रम होने के बाद वह लोग लखनऊ के लिए वापस जा रहे थे। नीरज ने बताया कि इसी दौरान सोमवार की तड़के सुबह तिलहर से पहले हाईवे पर प्रदीप राय की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे कार चला रहे प्रदीप राय एवं निकेत भारद्वाज का सिर लहूलुहान हो गया। पीछे बैठे सर्वेश, सुरजीत एवं भूपेंद्र को मामूली चोटे आई हैं।

## आठ माह पूर्व घर से भागी नाबालिग किशोरी निकली ढाई माह की गर्भवती

**तिलहर - शाहजहांपुर।** आठ माह पूर्व घर से प्रेमी संग फुर्र हुई किशोरी की मेडिकल रिपोर्ट में ढाई माह की गर्भवती होने की पुष्टि के बाद परिजनों ने सुपुर्दगी में लेने से इंकार कर दिया। वन स्टॉप सेंटर से सीडब्ल्यूसी के आदेश उपरांत सरकारी अभिरक्षा संस्था में भेजा जाएगा। गौरतलब है कि गत वर्ष सितंबर माह की रात में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने की पीडति परिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी । जिसमें एक मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया था । जिस पर उक्त किशोरी बात करती थी। पुलिस ने सर्विलांस के जरिए किशोरी व उसके

- परिजनों ने सुपुर्दगी में लेने से किया इंकार
- सीडब्ल्यूसी के आदेश के बाद ही उसे भेजा जा सकेगा सरकारी अभिरक्षा में: कोतवाल

प्रेमी को बीती दस अप्रैल को बरामद कर लिया था । कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि नाबालिग किशोरी के कोर्ट में बयान और मेडिकल जांच की प्रक्रिया होने तक वन स्टॉप सेंटर पर रखा गया था। जबकि उसके प्रेमी पीलीभीत जनपद के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव रता नगला निवासी राकेश अवस्थी पुत्र राजेंद्र अवस्थी को जेल भेज दिया गया था । बकौल कोतवाल किशोरी की मेडिकल जांच रिपोर्ट में उसके ढाई माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई है । जिसे परिजनों ने सुपुर्दगी में लेने से इंकार कर देने पर सीडब्ल्यूसी के आदेश के बाद ही किशोरी को सरकारी अभिरक्षा संस्था में भेजे जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## मार्ग दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सडक हादसे में घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बंडा क्षेत्र के गांव हेतम नगला निवासी जय श्रीदेवी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 21 अप्रैल को उनका बेटा दीपक कुमार सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव गंधरपुर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में महुआ पाठक स्थित पेट्रोल पंप के पास एक मैरिज लॉन के सामने अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खलिहान और तालाब की जमीन से हटवाया जाए अवैध कब्जा

- हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील में किया प्रदर्शन दिया ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सरकारी तालाब एवं खलियान की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय का प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे खुटार के गांव नगरा में रहने वाले रिंकू वर्मा, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, पंकज कुमार, रामकिशन, लालजीत, सूरजबली, मुनीष कुमार, बालकराम, रामसिंह, सोनू, पुरन लाल, अवधेश कुमार, दीपक, पवन कुमार, हरिओम वर्मा, राधेश्याम आदि ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 137 में खलिहान दर्ज है और इसके पास में ही एक सरकारी तालाब है। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा कई बार मनरेगा योजना के तहत कार्य कराया गया। लेकिन पिछले कुछ महीनो से गांव में रहने वाले कुछ गैर समुदाय के लोगों के द्वारा तालाब और खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर वहां पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार हल्का लेखपाल से की गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे नाराज ग्रामीण सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन का सरकारी तालाब और खलिहान की भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को रुकवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की गई। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद है।

## व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास युवाओं के लिए रोजगार प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- प्रशिक्षण केंद्रों ने पिछले नौ वर्षों में लगभग 10,800 अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित किया

जनपद में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास आज के समय में युवाओं के लिए रोजगार प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। बदलते औद्योगिक परिवेश, नई तकनीकों के आगमन और रोजगार के बदलते स्वरूप को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि युवाओं को केवल सैद्धांतिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान भी प्रदान किया जाए। इसी उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देश और प्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनपद स्तर पर यदि पिछले कुछ वर्षों की स्थिति का विश्लेषण किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2017 के बाद व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार और विस्तार हुआ है। पहले जहां केवल कुछ सीमित संस्थान और संसाधन उपलब्ध थे, वहीं अब संस्थानों की संख्या, उनके बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। वर्ष 2017 से पूर्व जनपद में केवल तीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित थे, जो एक ही नोडल संस्थान के भवन में संचालित हो रहे थे। वर्ष 2017 के बाद इन संस्थानों के भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया और प्रशिक्षणार्थियों को उनके मूल संस्थानों में ही प्रशिक्षण दिया जाने लगा। इससे छात्रों को बेहतर वातावरण मिला और उनके कौशल विकास में सकारात्मक सुधार हुआ। इसके अतिरिक्त, पिछले नौ वर्षों में नए संस्थानों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। तिलहर में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन पूर्ण कराकर वर्ष 2025 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसी क्रम में खुटार स्थित संस्थान का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है और वर्ष 2026 से वहां प्रशिक्षण प्रारंभ कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह विस्तार इस बात का संकेत है कि सरकार व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी व्यापक विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में जहां शाहजहांपुर स्थित संस्थान में केवल 14 व्यवसाय (ट्रेड) संचालित थे, वहीं अब उनकी संख्या बढाकर 20 कर दी गई है। इसी प्रकार जलालाबाद संस्थान में 12 से बढाकर 18 व्यवसाय कर दिए गए हैं। इससे छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला है। यदि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या पर दृष्टि डालें, तो पिछले नौ वर्षों में लगभग 10,800 अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित किया गया है। यह संख्या न केवल संस्थानों की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि युवाओं में तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता और रुचि बढी है। इनको प्रशिक्षित कर अभ्यर्थियों को रोजगारपरक बनाया गया। सीटों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। वर्ष 2017 में जहां कुल 1214 सीटें स्वीकृत थीं, वहीं अब यह संख्या बढाकर 1785 कर दी गई है। इससे अधिक से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण का अवसर मिला है और बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद मिली है। संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वर्ष 1969 में निर्मित शाहजहांपुर स्थित संस्थान के जर्जर भवन के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए वर्ष 2019 में लगभग 400.25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। इसी क्रम में जलालाबाद संस्थान में नई कार्यशालाओं, आईटी लैब, कर्मचारियों के लिए आवास, संपर्क मार्ग और बाउंड्री वॉल जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य भी पूर्ण कराए गए हैं। साथ ही 40 किलोवाट क्षमता का ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया गया है, जो ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में भी प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से आईटीआई संस्थानों में आधुनिक तकनीकों को शामिल किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शाहजहांपुर और जलालाबाद संस्थानों में अत्याधुनिक कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कक्ष विकसित किए गए हैं, जहां वर्ष 2024 से प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। प्रारंभिक चरण में तीन-तीन आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है और भविष्य में इसे बढाकर 11 व्यवसायों तक विस्तारित करने की योजना है। रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी संस्थानों द्वारा सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2022 से अब तक लगभग 62 रोजगार मेले और कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है, जिसके माध्यम से लगभग 1200 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त 695 अभ्यर्थियों को विभिन्न अवसरों से जोडकर रोजगार के नए रास्ते उपलब्ध कराए गए हैं। यह दर्शाता है कि आईटीआई केवल प्रशिक्षण ही नहीं देते, बल्कि रोजगार सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जिले के बंडा क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसलें हैं बुलंद

- नियमों को ताक पर रखकर की आठ फीट से दस फीट तक गहरी खुदाई



**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा क्षेत्र में इन दिनों खनन माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। मामला मुड़िया छावन गांव की सीमा से सटे मकसूदापुर क्षेत्र का है, जहां एक युवक द्वारा नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। यहां करीब 8 से 10 फीट की गहराई में की जा रही यह अंधाधुंध खोदाई न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और आसपास के खेतों के लिए भी बड़ा खतरा बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी खनन के लिए किसी भी तरह की अनुमति या तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। मिट्टी खनन मिट्टी की उर्वरा शक्ति तो प्रभावित की ही जा रही है साथ यह खुदाई भू-जल स्तर को भी नुकसान पहुंचा सकती है। हैरानी की बात यह है कि इलाके में चल रहे इस अवैध खेल की भनक होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग अभी तक मूकदर्शक बने हुए हैं। वहीं इस संबंध में हल्का लेखपाल शोभित ने बताया कि मिट्टी खनन की कोई भी परमीशन नहीं है, जांच कर अवैध रूप से मिट्टी खुदान करने पर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में बैठक संपन्न

▶ लाभार्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को जनपद हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभार्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम में जाने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आवागमन के लिए ससमय बसे अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचे। जाने वाले लाभार्थियों की सूची फोन नंबर के साथ बनाई जाए। जिलाधिकारी ने आने जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की सुविधा सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि सभी बसें 29 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे निर्धारित समय पर रवाना की जाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम तथा जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की जिला पर्यावरण, पौधरोपण, गंगा एवं आर्द्रभूमि समिति की समीक्षा की




**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक ली। प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने सभी का औपचारिक स्वागत कर जिला वृक्षारोपण समिति की अन्तर्गत वृक्षारोपण पर चर्चा की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को पौधारोपण कार्ययोजना एवं सत्यापन सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिला पर्यावरण समिति अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, सी एण्ड डी वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट सहित ध्वनि एवं वायु प्रदूषण आदि के संबंध में विभागवार बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिला गंगा समिति अन्तर्गत विकास खण्ड मिर्जापुर स्थित ग्राम पाहरूआ में कछुआ तालाब के संरक्षण हेतु डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इण्डिया एवं वन विभाग के साथ विचार विमर्श किया गया तथा शीघ्र अतिशीघ्र कछुओं के संरक्षण हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। मॉडल के रूप में जनपद शाहजहाँपुर में बने जिला गंगा प्लान के क्रियान्वयन हेतु जीआईजेड एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मध्य विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिला आद्रभूमि समिति अन्तर्गत जनपद के 3 प्रमुख आद्रभूमियों को नोटिफाई कराने हेतु सम्बन्धित सदस्य विभागों केसाथ चर्चा-परिचर्चा हुई जिसको जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुये अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। बैठक अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी सहित जनपद के समस्त अधिकारीग व सदस्यगण उपस्थिति रहे।

## चचेरी बहन की शादी में गए युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चचेरी बहन की शादी में गांव में ही गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल से मेमो आने पर शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने बताया कि गांव गुलाम खेड़ा निवासी शनी वर्मा उर्फ राम किशन 22 पुत्र जगदीश की चचेरी बहन की रविवार को गांव में ही शादी थी। शनी बारात में गया था। रात में उसकी अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बकौल श्री चौधरी सोमवार सुबह अस्पताल से मेमो भेजे जाने पर उन्हें युवक की मौत की जानकारी हुई। इसके बाद पीस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि युवक की मौत का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 6 ने कराया पंजीकरण

▶ 15 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हुए चिन्हित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शंकरा आई हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जिसमें 15 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किए गए। मरीजों की आंखों की जांच कर मुफ्त दवाइयां वितरित की गई।

सोमवार को आयोजित शिविर में कुल 60 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराकर आंखों की जांच करवाई। इनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने मरीजों को आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया। इस अवसर पर डॉक्टर हर्षदीप ने मरीजों को गर्मी के मौसम में आंखों की देखभाल और बचाव के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम में सुजाता, सुमित और शिवमंगल सिंह शामिल रहे, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। शिविर में हरिशंकर, राधिका, नन्ही देवी, शीला देवी, नूरजहां और अनीदा सहित कई अन्य स्थानीय मरीजों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई।

# गाय माता को घोषित किया जाए राष्ट्र माता

▶ गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुवायां को सौपा और गाय माता को राष्ट्र माता घोषित करने, उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की। गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गौ रक्षक पुवायां के राजीव चैक पर एकत्रित हुए और वहां से तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुवायां को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। संविधान के अनुच्छेद 48 के तहत आवश्यक संशोधन करते हुए केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू किया जाए। गो वधशालाओं के लाइसेंस निरस्त कर वधशालाओं को चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय और स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाए। देशी गोवंश को राष्ट्र माता या राष्ट्र आराध्या के रूप में संवैधानिक मान्यता प्रदान कर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिया जाए। गौ तस्करी व गो हत्या को संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास एवं इसमें शामिल दोषियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाए। गाय के गोबर गोमूत्र को प्राकृतिक कृषि हेतु जैविक खाद्य कीटनाशक और औषधि के रूप में सरकारी खरीद तंत्र से जोड़ा जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर नंदी शाला, जिला स्तर पर एक आदर्श गांव अभ्यारण अथवा वृहद गौशाला की स्थापना कराई जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रति 50 से 100 किलोमीटर पर गौ वाहिनी एंबुलेंस एवं डेढ़ सौ से 200 किलोमीटर की दूरी पर आधुनिक ट्रामा सेंटर की स्थापना कराई जाए। जिससे हाईवे पर वाहनों से टकराकर घायल होने वाले गोवंश का तत्काल उपचार कराया जा सके। स्कूली पाठ्यक्रमों में गो विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए। ताकि भावी पीढ़ी गोवंश के आध्यात्मिक वैज्ञानिक एवं औषधि और आर्थिक हाल को समझ सके। इसके साथ ही एकीकृत चारा व गोचर संरक्षण नीति के तहत ज्यादा सुरक्षा कानून बनाकर चारे के औद्योगिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। चारे के भंडारण एवं अनियंत्रित मूल्य वृद्धि को धोखा जाए। समस्त गोचर और वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर गोचर विकास बोर्ड के अधीन कर आरक्षित किया जाए। इस मौके पर अजय द्विवेदी, आनंद पांडे, भारत राठौर, सौरभ पटेल, विमलेश कुमार, उत्तम यादव, आकाश कुमार, प्रशांत मिश्रा, आयुष गुप्ता, विशाल कुमार, दीपू, करण कश्यप, गौरव राठौर, अनिकेत कश्यप, दीपक कुमार, शिवांशु मिश्रा, हरिओम वर्मा, आयुष गुप्ता, मोंटी, ऋतिक वर्मा, सूरज कुमार, तरुण कुमार वर्मा, विशाल, रावण पंडित, ललित रावत, विमलेश कुमार, सृजल शुक्ला, सचिन सैनी, मधुर सिंह, संदीप कुमार, शिवम गिरी, सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र पांडे, रिंकू वर्मा, हरिओम वर्मा, अनुराग वर्मा, विशाल पांडे, आकाश दीक्षित आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जलालनगर बाहर चुंगी में केके मेडिकल एजेंसी का शुभारंभ, पार्षद रीता राठौर ने किया उद्घाटन



**शाहजहांपुर।** वार्ड संख्या 30 जलालनगर बाहर चुंगी, निगोही रोड स्थित केके मेडिकल एजेंसी का सोमवार को शुभारंभ हुआ। वार्ड 30 की पार्षद रीता राठौर एवं समाजसेवी छंगेलाल राठौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया। पार्षद रीता राठौर ने संचालक रामनिवास राठौर को बधाई देते हुए कहा कि इस मेडिकल एजेंसी से जलालनगर बाहर चुंगी व आसपास के क्षेत्र के निवासियों को चौबीस घंटे आवश्यक औषधियां सुलभ होंगी। अब लोगों को दवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। समाजसेवी छंगेलाल राठौर ने रामनिवास राठौर के साथ ही राजकुमार राठौर व आकाश राठौर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। संचालक रामनिवास राठौर ने बताया कि एजेंसी में सभी प्रकार की जेनेरिक एवं ब्रांडेड औषधियां, सर्जिकल सामग्री तथा स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद वाजिब दरों पर उपलब्ध रहेंगे। शीघ्र ही होम डिलीवरी सेवा भी प्रारंभ की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### निर्धारित समय पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, लापरवाही व भ्रष्टाचार पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों को आवश्यक सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने, तैनाती स्थल पर रात्रि विश्राम करने, फोन कॉल रिसीव करने तथा आमजन से बेहतर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखे जाएं तथा ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन लॉस की सूचना मिलने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को पंचायत घरों में विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए 1912 हेल्पलाइन नंबर की वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत बिल संशोधन में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में विद्युत चोरी एवं लाइन लॉस पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित कर गांवों में छापेमार अभियान चलाने, प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की शिफ्टिंग कराने तथा शेष आंगनबाड़ी केंद्रों में शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, अधीक्षण अभियंता, एसडीओ एवं अवर अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने को गौरक्षकों ने भरी हुंकार

▶ राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा
▶ शहीद कुटी से नारेबाजी करते हुए तहसील तक किया पैदल मार्च

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों गौरक्षकों ने गौ सम्मान अभियान के तहत राज्यपाल, मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन संबोधित ज्ञापन भेजा।

सोमवार को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे शहीद कुटी पर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों गौ रक्षक एकत्र हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है। जब हम सभी को एक स्वर में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किये जाने की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौमाता के नाम पर अब राजनीति बंद होनी चाहिए। और सनातन धर्म की रीढ़ गौ माता को उनका सम्मान मिलना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह ने कहा कि सरकार को चाहिए कि गौमाता की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कठोर कदम उठाए और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दे।

संगठन के ज्ञापन को मीरानपुर कटरा नगर पंचायत की भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता के ससुर भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता ने भी पहुंच कर अपना समर्थन दिया। यहां से सभी नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील मुख्यालय रवाना हुए और एसडीएम जीत सिंह राय की गैर मौजूदगी में उनके स्टेनों सौरभ त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अमर सिंह यादव, शीलेंद्र मोहन मिश्रा, वेदप्रकाश सक्सेना, रामसिंह, अमित द्विवेदी, राजीव गंगवार, अभिजीत सिंह, कृष्णा गंगवार, प्रमोद गंगवार, अनुज द्विवेदी, वीर दीक्षित, महन्त विनोद नाथ, कौशलेंद्र मिश्रा, बाबा शंभू देव आर्य, सुनील शर्मा, रवि त्रिपाठी, चंद्रकांता त्रिवेदी, माया देवी सहित सैंकड़ों गौरक्षक शामिल रहे।

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार, वर्दी फाड़ी कैमरा तोड़ा



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 अभियुक्त और 1 अभियुक्ता समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की, वर्दी फाड़ दी और बॉडीवॉर्न कैमरा तक क्षतिग्रस्त कर दिया। पीआरबी 6024 पर तैनात कांस्टेबल मोहित कुमार की तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने पुलिस के कार्य में बाधा डालते हुए गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और प्राणघातक हमला किया। इस हमले में कांस्टेबल मोहित कुमार और होमगार्ड महेन्द्रपाल घायल हो गए।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई:** मामले में थाना मदनापुर में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ताबड़तोड़ दबिश देते हुए ग्राम हैदलपुर से सभी 5 आरोपियों को 27 अप्रैल को दोपहर 2:34 बजे गिरफ्तार कर लिया। रिषिपाल, बलराम, प्रीति, गोपाल और अमित- सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# रामगंगा में बालक के डूबने की आशंका में चौथे दिन भी नहीं लगा सुराग

▶ राआमो बल की खोजबीन जारी

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को परौर थाना क्षेत्र के ग्राम हैदलपुर निवासी भोगपाल के लापता हुए 11वर्षीय पुत्र अरुण का चौथे दिन भी को सुराग नहीं लगा है। बालक के रामगंगा में डूबने की आशंका में राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय गोताखोर लगातार खोजबीन कर रहे हैं। मालूम हो कि बीते शुक्रवार को घर हैदलपुर निवासी भोगपाल का 11 वर्षीय पुत्र अरुण रामगंगा के किनारे पालेज की फसल देखने की कहकर घर से गया था। तब से उसका कोई पता नहीं चला है। लापता बालक के पिता ने पुलिस को बताया था कि ढूंढ़ने के क्रम में बाल की चप्पल और कपड़े रामगंगा के किनारे रखे मिले थे। जिससे बालक के रामगंगा में डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए परौर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने बालक को रामगंगा में ढूंढने के लिए राज्य आपदा मोचन बल के साथ ही स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतारकर ढूंढा जा रहा है। पुलिस ने बताया राज्य आपदा मोचन बल के 14 आरक्षी और स्थानीय गोताखोर मोटर बोट से नदी में जाल और कांटा डालकर 20 किलोमीटर तक तलाश कर चुके हैं। फिर भी बालक का पता नहीं चला है। बालक के लापता होने के चौथे दिन भी बालक का कोई पता नहीं चलने पर उसके मां,बाप और भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं ग्राम हैदलपुर सहित आसपास के गांवों में बालक के अचानक लापता होने के मामले में तरह तरह की चर्चाएं हैं। शुक्रवार को 27 अप्रैल सोमवार। 24 अप्रैल को गांव के भोगपाल कश्यप के बेटा अरुण कुमार की चप्पल व कपड़े रामगंगा के किनारे रखे हुए मिले थे। अरुण के रामगंगा में डूबने की आशंका को लेकर राज्य आपदा मोचन बल एवं क्षेत्रीय गोताखोरों द्वारा राज आपदा मोचन बल के स्टीमरों द्वारा लगातार खोजि अभियान जारी है यह अभियान राज्य आपदा मोचन बल के उपनिरीक्षक अनिल कुमार के मार्गदर्शन में 14 आरक्षि रामगंगा में खोजि अभियान चला रहे हैं। आज क्षेत्रीय गोताखोरों द्वारा एवं राज आपदा मोचन बल के जवानों द्वारा रामगंगा में 20 किलोमीटर तक सर्च अभियान चलाया गया लेकिन टीम को कोई सफलता नहीं मिली। थाना परोर मुख्यालय पर रहकर सुबह से शाम तक इस खोजि अभियान को अंजाम दे रही है। खोजि अभियान के चार दिन बीतने के बाद भी राज्य आपदा मोचन बल एवं क्षेत्रीय गोताखोरों के हाथ खाली है। चार दिन व्यतीत होने के बाद भी अरुण का कोई सुरंग नहीं लग पाया है। अरुण के गम में माता-पिता भाई-बहन एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## कुकिंग गैस वितरण करने गए वितरक से 20 हजार लूटे

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▶ बिना बुकिंग कराए सिलेंडर मांगने के बाद दबंग ने की मारपीट, देर शाम तक नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज

बिना बुकिंग के गैस सिलेंडर न देने से क्षुब्ध युवक ने गैस सिलेंडर वितरक को पीटते हुए उससे 20 हजार रुपए लूट लिए। पीड़ित द्वारा तहरीर देने के कई घंटे बाद तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। कांट के रहतारा गांव निवासी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह तिलहर इंडेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर वितरण करने का कार्य करता है।

आरोप है कि सोमवार अपरान्ह करीब ढाई बजे वह बारह पत्थर मोहल्ले में गाड़ी से गैस सिलेंडर वितरण करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने बिना बुकिंग रसीद के सिलेंडर मांग की । सिलेंडर देने से मना करने पर पीटकर उसकी जेब से गैस वितरण रसीदें तथा 20 हजार रुपए लूट लिए। पीड़ित सत्येंद्र ने बताया कि अन्य लोगों ने आकर उसे बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। पीड़ित ने इसी मोहल्ले निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र राम स्वरूप के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम-सीडीओ ने हनुमंतधाम के सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

▶ डीएम ने 31 माई तक शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के साथ हनुमंतधाम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित हनुमंत धाम सौंदर्यीकरण (रिवर फ्रंट)परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। खन्नौत नदी के पक्का पुल से नए पुल (नदी तट) तक पक्की दीवार एवं पथ विकास के साथ हनुमंत धाम के चारों ओर सौंदर्यीकरण कार्य लगभग 935.68 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है, जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हनुमंत धाम एवं नवीन पथ में प्रकाश व्यवस्था, लाइटिंग, शौचालय, छाया शेड, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूर्ण होने के बाद हनुमंत धाम से पक्का पुल तक यह पथ आपस में जुड़ जाएगा, जिससे लोग सुबह और सायंकाल वॉक कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 मई तक हर हाल में सभी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# डीसीएम पलटने से बाइक सवार चार युवक घायल, एक की मौत

▶ सीतापुर हाईवे पर टेढ़ी पुलिया के पास हुआ हादसा



**रोजा, शाहजहांपुर।** बरेली सीतापुर हाईवे पर सोमवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। कोल्ड ड्रिंक से भरी डीसीएम अचानक टायर फटने से असंतुलित होकर पलट गई। टायर फटने के कारण हुए इस हादसे में डीसीएम के पीछे दो बाइकों से चल रहें पांच लोग चपेट में आकर गंभीर रूप में घायल हो गये। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

यह हादसा सोमवार की सुबह करीब ग्यारह बजे रोजा थाना क्षेत्र के टेढ़ी पुलिया के पास हुआ। कैंपा कोल्ड ड्रिंक से भरी डीसीएम सीतापुर की ओर जा रही थी। टेढ़ी पुलिया के पास पहुंचते ही डीसीएम का अगला पहिया फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। कोल्ड ड्रिंक की बोतलें भी सड़क पर बिखर गई। डीसीएम पलटने के दौरान उसके आसपास चल रही दो बाइकों पर सवार पांच लोग उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान लखीमपुर जिले के पसगवां थाना क्षेत्र के बरबर गांव निवासी सुरेंद्र की मौत हो गई। जबकि सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के अकबरपुर निवासी मनोज, रोजा के चकभिटारा निवासी आदर्श, रोजा के मंगलीपुरवा निवासी पवनेश और चर्च कॉलोनी निवासी सेवाराम गंभीर रूप में घायल हो गए। इन सभी का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को भी सूचित कर दिया है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि डीसीएम पलटने से दो बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक की मौत हो गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चिट्टे के खिलाफ महिलाएं

आमतौर पर नशाखोरी के खिलाफ जब किसी गांव को 'रेड जोन' घोषित किया जाता है, तो यह आधिकारिक तौर पर एक सामाजिक चेतावनी होती है। लेकिन शिमला के कुछ हिस्सों में घोषित यह चेतावनी पुलिस या प्रशासन द्वारा नहीं, बल्कि उन महिलाओं द्वारा जारी की गई है जो परिवारों व समाज को नशे के नासूर से बचाना चाहती हैं। पति हो या बेटा, नशे की हर त्रासदी का त्रास महिलाएं ही भुगतती हैं। वह चाहे किसी अपने को असमय खोना हो या आर्थिक रूप से परिवारिक क्षति हो। यही वजह है कि नशे के खिलाफ अभियान को जमीनी हकीकत बनाने के मकसद से माताएं, बहनें और पत्नियां घर की चौखट से बाहर निकलकर सार्वजनिक रूप से मुखर हुई हैं। महिलाओं के नेतृत्व में चलने वाले इस अभियान को गति देने के लिये सतर्कता समूह बनाये गए हैं। जिसमें नशे के कारोबार और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिये रात्रि गश्त भी शामिल है। साथ ही नशे की लत के शिकार लोगों को नशामुक्ति केंद्रों तक ले जाने में पहल की जा रही है। निस्संदेह, महिलाएं पुरुष व्यवहार को समझने में खासी संवेदनशील होती हैं। वे नशा करने वाले किसी पारिवारिक सदस्य के व्यवहार में बदलाव, भावनात्मक टूटन व नशे के कारण होने वाली आर्थिक तंगी पर पैनी दृष्टि रखती हैं। उनके व्यक्तिगत अनुभवों के फलस्वरूप वे आधिकारिक रिपोर्ट आने से पहले ही नशे की लत में जकड़े लोगों को पहचानने का प्रयास करती हैं। निःसंदेह, जमीनी स्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान के सार्थक परिणाम आने की उम्मीद जगी है। निर्विवाद रूप से पुलिस व प्रशासन की छापेमारी और गिरफ्तारियां नशे की आपूर्ति पर किसी हद तक अंकुश लगा सकती हैं, लेकिन टूट-बिखर रहे घरों को नहीं बचाया जा सकता। निःसंदेह, नशाखोरी के कई सामाजिक आयाम भी हैं, जिसे सामाजिक स्तर पर पहल करके रोका जा सकता है। रचनात्मक पहल से ही उन कारकों को संबोधित किया जा सकता है जो नशीले पदार्थों को बढ़ावा देते हैं। वाकई सामुदायिक स्तर पर सतर्कता बेहद जरूरी है और महिलाएं इसका नेतृत्व करने में सक्षम भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। सही मायनों में हिमाचल सरकार की 'चिट्टा विरोधी पदयात्रा' और 'महिला मंडलों' की सार्थक पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस रचनात्मक पहल को संस्थागत स्तर भी समर्थन देने की जरूरत है क्योंकि नशे के कारोबार में संगठित गिरोह भी गहरे तक जुड़े रहते हैं। ऐसे में मादक पदार्थों के तस्करों का सामना करने वाली महिलाओं को अपराधियों की धमकी आदि जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। जिसके लिये सक्रिय पुलिसिंग, गवाहों को सुरक्षा देने, नशा मुक्ति के लिए पुनर्वास सुविधाएं और लगातार जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता भी होगी। सेवाभाव के लिये प्रसिद्ध पंजाब के लोगों को भी इस रचनात्मक पहल का अनुकरण करना चाहिए। वाकई पंजाब में नशे की चुनौती खासी बड़ी है। युवाओं को नशे की दलदल से बचाने के लिये एक बड़ी पहल की जरूरत महसूस की जा रही है।

# स्ट्रॉबेरी की मिठास से किसान संतपाल ने लिखी समृद्धि की नई इबारत

*प्रदीप कुमार*





मिर्जापुर जनपद के राजगढ़ विकासखंड स्थित ग्राम धनसीरीया के एक प्रगतिशील किसान श्री संतपाल सिंह ने बागवानी क्षेत्र में एक अनूठी मिसाल पेश की है। श्री संतपाल सिंह के पास कुल 2.0 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वे लंबे समय से धान, गेहूं और आलू जैसी पारंपरिक फसलों की खेती करते आ रहे थे। मेहनत के बावजूद, इन फसलों से होने वाली आय निवेश और श्रम के मुकाबले बहुत कम थी, जिससे आर्थिक प्रगति की राह में हमेशा बाधा बनी रहती थी। संतपाल सिंह कुछ ऐसा करना चाहते थे जिससे न केवल उनकी आय बढ़े, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी नई दिशा मिल सके।

उनके जीवन में निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने राजगढ़ ब्लॉक में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहाँ उन्हें स्ट्रॉबेरी की खेती की आधुनिक तकनीकों और इसकी बाजार मांग के बारे में विस्तार से जानकारी मिली। प्रशिक्षण से उत्साहित होकर उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ-साथ प्रयोग के तौर पर स्ट्रॉबेरी उगाने का मन बनाया। उद्यान विभाग, मिर्जापुर के विशेषज्ञों से निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए उन्होंने वर्ष 2024 में अपनी 16 बिस्वा जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सहायता एवं अनुदान तथा वैज्ञानिक विधि और उचित देखरेख का सुखद परिणाम मात्र 05 से 06 माह के भीतर ही दिखने लगा, जब स्ट्रॉबेरी की फसल पूरी तरह तैयार हो गई तब उन्होंने उसकी मार्केटिंग शुरू की।

संतपाल सिंह के खेत में एक पौधे से लगभग 0.5 से 1.0 किलोग्राम तक उच्च गुणवत्ता वाले फल प्राप्त हुए। चूंकि जनपद में स्ट्रॉबेरी की खेती अभी नई थी, इसलिए स्थानीय बाजारों में इसकी जबरदस्त मांग रही और उन्हें बहुत अच्छे दाम मिले। इस छोटे से भू-भाग से उन्हें कुल 4.0 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई, जिसने यह साबित कर दिया कि कम रकबे में भी यदि तकनीक का सही इस्तेमाल हो, तो खेती मुनाफे का सौदा बन सकती है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से प्रभावित होकर आस-पास के गांवों के किसानों में भी स्ट्रॉबेरी की खेती के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है।

आज संतपाल सिंह की प्रेरणा से उनके गांव और आसपास के क्षेत्रों में कुल 05 हेक्टेयर क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है। अपनी इस सफलता का श्रेय प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की दी जा रही सही जानकारी व अनुदान के ही परिणाम को देते हुए किसान श्री सतपाल सिंह कहते है कि उद्यान विभाग के सही मार्गदर्शन ने उनकी तकदीर बदल दी है। उनकी यह कहानी संदेश देती है कि यदि किसान नवाचार को अपनाएं और आधुनिक बागवानी की ओर कदम बढ़ाएं, तो वे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

प्रदेश सरकार ने स्ट्रॉबेरी जैसी लाभकारी फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कदम उठाया है। उद्यान विभाग द्वारा स्ट्रॉबेरी की एक इकाई स्थापित करने में लगभग 2 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की लागत आती है, जिसके सापेक्ष सरकार 40 प्रतिशत की दर से 80,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान प्रदान कर रही है। यह अनुदान न केवल किसानों पर प्रारंभिक निवेश का बोझ कम करता है, बल्कि उन्हें आधुनिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है।

उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा अनेक प्रभावी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि परंपरागत खेती से आगे बढ़कर किसान अब उच्च मूल्य वाली फसलों, जैसे स्ट्रॉबेरी की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं और अपनी आय में वृद्धि कर रहे है।

*उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा अनेक प्रभावी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि परंपरागत खेती से आगे बढ़कर किसान अब उच्च मूल्य वाली फसलों, जैसे स्ट्रॉबेरी की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं और अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिकता को अपनाकर न केवल आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में बागवानी फसलों को बढ़ावा देने और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में उद्यान विभाग द्वारा ड्रैगन फ्रूट जैसी उच्च मूल्य वाली फसल को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक अनुदान योजना संचालित की जा रही है। ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने हेतु एक इकाई स्थापित करने में लगभग 6.75 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की लागत आती है, जिसके सापेक्ष प्रदेश सरकार 40 प्रतिशत की दर से 2.70 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान प्रदान कर रही है। यह आर्थिक सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है, जिससे वे बिना अधिक वित्तीय दबाव के आधुनिक एवं लाभकारी खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।*

***मिर्जापुर के किसान जय सिंह ने ड्रैगन फ्रूट से लिखी सफलता की नई इबारतः-*** उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न योजनाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिर्जापुर जनपद के किसान जय सिंह की सफलता के रूप में सामने आया है, जिन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर ड्रैगन फ्रूट की खेती अपनाई और आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

मिर्जापुर जनपद के नारायणपुर विकासखंड के ग्राम रानीपुर निवासी जय सिंह एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पास लगभग 2 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वे पहले पारंपरिक तरीके से धान, गेहूं और आलू जैसी फसलों की खेती करते थे। हालांकि इन फसलों से उन्हें अपेक्षित आय नहीं मिल पा रही थी। बढ़ती लागत, मौसम पर निर्भरता और बाजार की अनिश्चितता के कारण उनकी आमदनी सीमित रह जाती थी, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था।

किसानों की हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा औद्यानिक खेती के लिए उद्यान विभाग उद्यान विभाग द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की उन्हें जानकारी मिली। जिसमें श्री जय सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में उन्हें आधुनिक बागवानी और विशेष रूप से ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि यह फसल कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है और बाजार में इसकी मांग भी लगातार बढ़ रही है।

शुरुआत में किसान जय सिंह के लिए यह एक नया और जोखिम भरा निर्णय था, क्योंकि उनके क्षेत्र में पहले किसी ने ड्रैगन फ्रूट की खेती नहीं की थी। फिर भी उन्होंने हिम्मत जुटाई और प्रयोग के तौर पर अपने खेत के एक हिस्से में ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की। उन्होंने उद्यान विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया और वैज्ञानिक तरीके से पौधरोपण, सिंचाई और देखभाल की प्रक्रिया अपनाई। धीरे-धीरे उनके प्रयास रंग लाने लगे। पौधों की अच्छी वृद्धि हुई और कुछ समय बाद उन्हें उत्पादन भी मिलने लगा। ड्रैगन फ्रूट की बाजार में अच्छी कीमत मिलने के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जहां पहले पारंपरिक खेती से सीमित आय होती थी, वहीं अब कम लागत में अधिक लाभ मिलने लगा।

आज जय सिंह अपने क्षेत्र में एक प्रगतिशील किसान के रूप में पहचाने जाते हैं। उनकी सफलता की कहानी यह साबित करती है कि सही जानकारी, प्रशिक्षण और साहस के साथ कोई भी किसान अपनी परिस्थितियों को बदल सकता है। ड्रैगन फ्रूट की खेती के माध्यम से जय सिंह ने यह दिखा दिया है कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिकता को अपनाकर न केवल आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में बागवानी फसलों को बढ़ावा देने और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में उद्यान विभाग द्वारा ड्रैगन फ्रूट जैसी उच्च मूल्य वाली फसल को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक अनुदान योजना संचालित की जा रही है।

ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने हेतु एक इकाई स्थापित करने में लगभग 6.75 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की लागत आती है, जिसके सापेक्ष प्रदेश सरकार 40 प्रतिशत की दर से 2.70 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान प्रदान कर रही है। यह आर्थिक सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है, जिससे वे बिना अधिक वित्तीय दबाव के आधुनिक एवं लाभकारी खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

***लेखक अपर जिला सूचना अधिकारी हैं***

विचार

# चेहरा चमकाने के लिये अब केजरीवाल का न्यायपालिका पर निशाना



अजय कुमार

आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक बार फिर अपने पुराने ढर्रे आरोप लगाकर भाग जाने वाली राजनीति करने लगे हैं। पहले उनके आरोप की जद में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी के अन्य नेता अमित शाह आदि शामिल होते थे। कांग्रेस पर भी खूब हमला बोलते थे, लेकिन अब वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगे हैं। शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल चाहते हैं कि राउज एवेन्यू कोर्ट की तरह उन्हें हाईकोर्ट से भी क्लीन चिट मिल जाये, जब केजरीवाल को ऐसा होता नहीं लगा तो वह हाईकोर्ट की जज पर ही हमलावर हो गये। अब तो शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल यह तक कहने लगे हैं कि वह गांधी की तरह आंदोलन करेंगे और हाईकोर्ट की उस जज के सामने पेश नहीं होंगे, जिनको लेकर वह आशंकित है। दरअसल, बीती 27 फरवरी 2026 को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने पूरे राजनीतिक परिदृश्य को हिला दिया। पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले के मामले में बरी कर दिया गया। जज ने साफ कहा कि जांच एजेंसियों के पास ठोस सबूतों का अभाव है। आरोपों को महज कयासों पर टिकाए रखना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। कोर्ट ने न केवल केजरीवाल बल्कि अन्य आरोपियों को भी सबूतों की कमी के चलते बरी कर दिया। इस फैसले के बाद केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा, यह सत्य की जीत है। वर्षों की सुनवाई के बाद मिली यह राहत आम आदमी पार्टी के लिए ऐतिहासिक पल था। लेकिन यह अंत नहीं, बल्कि एक नई कानूनी जंग की शुरुआत साबित हुई।

राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों को झटका दिया। सीबीआई ने तुरंत अपील दायर करने का फैसला किया। मात्र चार दिन बाद, 3 मार्च 2026 को दिल्ली हाईकोर्ट में मामला पहुंच गया। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा कि सबूतों को नजरअंदाज किया गया। केजरीवाल को बरी करने को जल्दबाजी का फैसला करार दिया। हाईकोर्ट ने स्टे नहीं दिया, लेकिन सुनवाई की तारीखें तय कर दीं। इसी बीच केजरीवाल ने अपनी रणनीति बदली। उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाया। जस्टिस शर्मा हाईकोर्ट की बेंच का हिस्सा हैं, जो इस मामले की सुनवाई कर रही हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि जस्टिस शर्मा का राजस्थान प्रशासनिक सेवा, आरएएस से पुराना नाता है। इससे उन पर पूर्वाग्रह का सवाल उठता है।यह विवाद 10 अप्रैल 2026 को चरम पर पहुंचा। केजरीवाल ने हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया। उन्होंने जस्टिस शर्मा को मामले से हटाने की मांग की। तर्क दिया कि जस्टिस शर्मा का पति भी राजस्थान सिविल सेवा में हैं। केजरीवाल ने इसे आरएएस का नेटवर्क करार दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार से जुड़े होने के कारण जस्टिस शर्मा निष्पक्ष नहीं रहेंगी। भाजपा शासित केंद्र के दबाव में फैसला करेंगी। यह आरोप हाईकोर्ट में गरमा गया। जस्टिस शर्मा ने व्यक्तिगत टिप्पणी की। उन्होंने केजरीवाल पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को नोटिस जारी किया। सुनवाई 18 अप्रैल को हुई। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने सबूत पेश किए। जस्टिस शर्मा के पुराने फैसलों का हवाला दिया। दावा किया कि कई मामलों में भाजपा नेताओं के हक में फैसले आए। उदाहरण के तौर पर 2024 का एक केस, जहां जस्टिस शर्मा ने एडीएम को जमानत दी, जो भाजपा से जुड़े थे। दूसरी ओर सीबीआई ने इसे राजनीतिक स्टंट बताया। कहा कि केजरीवाल ट्रायल कोर्ट की बरीगी बचाने के लिए जज को बदनाम कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को फटकार लगाई। जस्टिस स्वर्णकांता ने खुद कहा कि उनके फैसले हमेशा कानून पर आधारित रहे। आरएएस का कोई प्रभाव नहीं। फिर भी, बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा। 25 अप्रैल 2026 को अंतरिम आदेश आया। जस्टिस शर्मा मामले में बनी रहीं, लेकिन केजरीवाल को बोलने की छूट दी गई।




इस पूरे घटनाक्रम ने उस समय राजनीतिक रंग ले लिया, जब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने इसे न्यायिक साजिश का नाम दिया। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि सिस्टम भ्रष्ट है। भाजपा न्यायपालिका को भी कब्जे में लेना चाहती है। विपक्षी दलों ने समर्थन किया। कांग्रेस और सपा ने केजरीवाल के पक्ष में बयान दिए। वहीं भाजपा ने पलटवार किया। कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। जज पर कीचड़ उछालकर बच निकलना चाहते हैं। शराब घोटाले में 336 करोड़ के नुकसान का मामला है। ईडी की चार्जशीट में दक्षिणी दिल्ली की 21 सबसे महंगी शराब दुकानों को कंपनियों को देने का खुलासा हुआ। केजरीवाल की सरकार ने नीति बदली, जिससे निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा। सीबीआई का दावा है कि पैसे चुनावी फंड में गए।अब सवाल उठता है कि केजरीवाल इन आरोपों से क्या साबित करना चाहते हैं। मुख्यतः तीन बातें। पहली, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग। वे कह रहे हैं कि सीबीआई और ईडी भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। जस्टिस शर्मा पर आरएएस कनेक्शन का आरोप इसी का हिस्सा है। दूसरी, न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल। केजरीवाल ट्रायल कोर्ट के फैसले को मजबूत करना चाहते हैं। अगर हाईकोर्ट जज बदल दे, तो अपील कमजोर पड़ सकती है। तीसरी, राजनीतिक लाभ। यह मुद्दा आम आदमी पार्टी को पीड़ित का चेहरा दे रहा है। केजरीवाल की छवि भ्रष्टाचार विरोधी नेता की बनी रहेगी। समर्थकों में सहानुभूति बढ़ेगी। भाजपा पर तानाशाही का ठप्पा लगेगा।

इससे केजरीवाल को कई फायदे हो रहे हैं। कानूनी तौर पर, अगर जज बदले या हाईकोर्ट अपील खारिज कर दे, तो सुप्रीम कोर्ट का रास्ता साफ। राजनीतिक रूप से, यह मुद्दा चुनावी एजेंडा बन गया। आप ने सोशल मीडिया पर अभियान चला रखा। सर्वे बताते हैं कि दिल्ली में केजरीवाल की लोकप्रियता बढ़ी है। 40 प्रतिशत वोटर अब उन्हें निर्दोष मानते हैं। आर्थिक नुकसान कम हुआ। घोटाले के दाग से मुक्ति मिली। भविष्य में केंद्र की राजनीति में वापसी आसान। लेकिन जोखिम भी हैं। अगर हाईकोर्ट ने बरीगी पलट दी, तो जेल की नौबत। अवमानना का केस अलग से चल सकता है।शराब घोटाला 2021 से चला आ रहा है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने नई शराब नीति लाई। कोविड के बाद राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य था। लेकिन आरोप लगा कि सांठगांठ से कंपनियों को फायदा पहुंचाया। मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए। केजरीवाल को भी नोटिस मिले। ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की कमी बताई। सीबीआई ने चार्जशीट में 100 पेज के दस्तावेज पेश किए। लेकिन कोर्ट ने उन्हें अपर्याप्त माना। बहरहाल, यह मामला भारतीय न्याय व्यवस्था की पड़ताल कराता है। क्या राजनीतिक दबाव जजों पर असर डालता है। केजरीवाल का दांव चालाकी भरा है। वे जानते हैं कि जज बदलना मुश्किल, लेकिन विवाद पैदा करना आसान। इससे मीडिया कवरेज मिलता है। जनता का समर्थन बढ़ता है। भाजपा सरकार पर दबाव बनता है। अंततः, यह केजरीवाल की रणनीति का हिस्सा लगता है। सत्य की जीत का नारा दोहराते हुए वे सत्ता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन कानूनी फैसला ही अंतिम सत्य तय करेगा।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य



## अबूझमाड़ पहली बार चमकी रात...!

**संजय एम तराणेकर**

अंधेरे की चादर ओढ़े, बरसों से सोया
हुआ था गाँव,
ना दीपक, ना उजियारा, जंगल,
पगडंडी और ठांव।

आज़ादी के 78 बरस बाद, पहली बार
चमकी रात,
एक बल्ब की रोशनी में, जगमग हो
उठी हर बात।

नन्हीं आँखों में हैं सपने, बूढ़ी आँखों में
नमी-सी थी,
उजाले को तरसे थे सब, खुशियों की
घड़ी यही थी।

पगडंडियों से होकर आई, संघर्षों की
लंबी यह राह,
हर तार में जुड़ी कहानी, हर खंभे में
छुपी एक चाह।

अब ना सिर्फ़ रात कटेगी, सपनों को
भी पंख लगेंगे,
अबूझमाड़ के इस सवेरे में, नए कल
के रंग खिलेंगे।
*(संदर्भ - इतापानार गांव में पहली बार जला बल्ब)*



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**वृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# आपके बागी सांसदों का भाजपा में विलय, अब सुप्रीम कोर्ट पर नजर



संजय सक्सेना

आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का बीजेपी से जुड़ना सिर्फ एक दल-बदल की खबर नहीं है, बल्कि यह संसद के ऊपरी सदन में शक्ति-संतुलन और दलबदल कानून की व्याख्या दोनों को नई कसौटी पर रखता है। मौजूदा रिपोर्टों के अनुसार इन सांसदों के साथ जाने के बाद राज्यसभा में बीजेपी की संख्या 113 हो गई है, जबकि आप ने इस कदम को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की तैयारी की है। यह पूरा घटनाक्रम इसलिए भी गंभीर है क्योंकि दलबदल विरोधी कानून में एक महत्वपूर्ण अपवाद मौजूद है। अगर किसी दल के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्य किसी दूसरे दल में विलय करने पर सहमत हों, तो उसे अयोग्यता के दायरे से छूट मिल सकती है। इसी आधार पर बागी सांसद यह तर्क दे रहे हैं कि उन्होंने आवश्यक संख्या पूरी कर ली है, जबकि आप का दावा है कि यह महज राजनीतिक तोड़फोड़ नहीं, बल्कि विधि और मर्यादा का उल्लंघन है।

इस विवाद का सबसे अहम पहलू राज्यसभा के सभापति की भूमिका है। यदि सभापति ने सातों सांसदों को बीजेपी से संबद्ध/विलय मानते हुए अधिसूचना जारी कर दी है, तो यह एक औपचारिक संसदीय निष्कर्ष बन जाता है, लेकिन यह स्वतः ही अंतिम न्यायिक सत्य नहीं बनता। भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में अध्यक्ष या सभापति का निर्णय दलबदल मामलों में महत्वपूर्ण होता है, पर उस पर न्यायिक समीक्षा की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं होती, खासकर तब जब याचिकाकर्ता यह दिखा सके कि निर्णय में प्रक्रिया, अधिकार क्षेत्र या संविधान की दसवीं अनुसूची का गलत प्रयोग हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में आप के लिए सबसे बड़ा प्रश्न यह होगा कि क्या यह विलय वास्तव में 2/3 बहुमत से वैध हुआ है और क्या सभापति ने उपलब्ध सामग्री के आधार पर सही निष्कर्ष निकाला।

अगर कोर्ट को लगे कि संख्या-गणना, सदस्यता की स्थिति, या विलय की प्रक्रिया में गड़बड़ी है, तो वह सभापति के निर्णय पर हस्तक्षेप कर सकता है या विस्तृत सुनवाई के लिए मामला वापस भेज सकता है। लेकिन अगर कोर्ट पाए कि संबंधित सांसदों ने संवैधानिक शर्तें पूरी कर ली हैं, तो आप की चुनौती कमजोर पड़ सकती है और राजनीतिक क्षति बनी रह सकती है। इस तरह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट आम तौर पर सीधे राजनीतिक निर्णय नहीं देता, बल्कि यह देखता है कि क्या प्रक्रिया कानून सम्मत थी, क्या प्राकृतिक न्याय का पालन हुआ, और क्या निर्णय मनमाना या दुर्भावनापूर्ण था। यानी अदालत यह नहीं तय करेगी कि कौन-सा दल नैतिक रूप से सही है, बल्कि यह देखेगी कि संवैधानिक ढांचा टूटा या नहीं। अगर आप यह दिखाने में सफल हो जाती है कि ÷विलय÷ का दावा केवल बचाव का तरीका था और वास्तविक दो-तिहाई समर्थन वैधानिक रूप से सिद्ध नहीं हुआ, तो फैसले पर रोक या पुनः विचार कर सकते हैं। आप के पास अभी कई विकल्प मौजूद हैं। पहला, वह सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकती है और सभापति के निर्णय पर अंतरिम रोक या स्थिति-यथास्थिति की मांग कर सकती है। दूसरा, वह दसवीं अनुसूची, नियम-प्रक्रिया और दस्तावेज़ी साक्ष्यों के आधार पर यह चुनौती दे सकती है कि सांसदों ने वैध रूप से पार्टी नहीं छोड़ी, या विलय की प्रक्रिया अधूरी रही। तीसरा, वह राजनीतिक और सार्वजनिक स्तर पर इस मुद्दे को ÷लोकतांत्रिक चोरी÷ के रूप में स्थापित कर दबाव बना सकती है, ताकि अदालत के बाहर भी नैरेटिव उसके पक्ष में रहे। इसके अलावा आप सभापति के सामने पुनर्विचार या पूरक आपत्ति का रास्ता अपना सकती है, अगर नियमों में इसकी गुंजाइश हो। वह यह भी तर्क रख सकती है कि राज्यसभा जैसी संवैधानिक संस्था में ऐसे मामलों में अधिक पारदर्शी सुनवाई होनी चाहिए, क्योंकि अध्यक्ष/सभापति का निर्णय ही बाद में न्यायिक समीक्षा का आधार बनता है। यदि सांसदों ने अभी केवल समर्थन-पत्र दिया है, लेकिन औपचारिक पार्टी विलय की सभी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुई हैं, तो आप इसी तकनीकी बिंदु पर हमला कर सकती है। राजनीतिक रूप से इस घटना का असर के लिए दो स्तरों पर है। पहला, राज्यसभा में उसकी संख्या और संगठनात्मक एकजुटता पर चोट लगी है; दूसरा, पंजाब और राष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश गया है कि पार्टी के भीतर असंतोष गहरा है। बीजेपी के लिए यह न सिर्फ संख्याबल की जीत है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वह राज्यसभा में विधायी बढ़त को और मजबूत करने की स्थिति में है। कानूनी तौर पर सबसे निर्णायक बात यह है कि सभापति का आदेश अंतिम जरूर माना जाएगा, लेकिन अपरिवर्तनीय नहीं। सुप्रीम कोर्ट अगर यह समझे कि दसवीं अनुसूची के अपवाद का उपयोग केवल सदन-प्रबंधन के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए किया गया, तो वह सीमित दायरे में हस्तक्षेप कर सकता है। दूसरी ओर, यदि कोर्ट सभापति की प्रक्रिया और रिकॉर्ड को सही पाए, तो आम आदमी पार्टी को कानूनी मोर्चे पर झटका लग सकता है और उसे राजनीतिक पुनर्गठन की ओर जाना पड़ सकता है। कुल मिलाकर, यह मामला केवल सात सांसदों के दल-बदल का नहीं, बल्कि संसदीय प्राधिकरण, दलबदल कानून और न्यायिक समीक्षा के बीच शक्ति-संतुलन का है। आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट का रुख तय करेगा कि यह घटना राजनीतिक जीत बनकर रह जाएगी या संवैधानिक जांच की नई मिसाल में बदल जाएगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थी परिषद नें शिक्षा माफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा



**हरदोई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरदोई जिले के कार्यकर्ताओ द्वारा विगत दिनों पूर्व वायरल वीडियो का सज्ञान लेते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा न्यू सनवीम स्कूल मे विरोध प्रदर्शन किया गया व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया जिसमे मुख्य रूप से अभाविप अवध प्रान्त के प्रान्त मंत्री अर्पण कुशवाहा व प्रान्त सहमंत्री शिवम मिश्रा उपस्थित रहे विद्यार्थी परिषद के प्रान्त मंत्री द्वारा सभी शिक्षा माफियाओ को चेतावनी देते हुए कहा गया की छात्रों का ज़ब ज़ब शोषण किया जायेगा तो विद्यार्थी परिषद ऐसे लोगो को सबक सिखाने का काम करेंगी वही प्रान्त सह मंत्री शिवम मिश्रा द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया की ज़ब ज़ब छात्रों का हनन होगा और उनके व उनके परिवार के साथ दुर्व्यहार किया जायेगा तब तब विद्यार्थी परिषद उनके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ा होगा वही विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक पुनीत सिंह भोलू ने कहा विद्यार्थी परिषद छात्रों के हितों के लिए लगातार कार्यरत हैं छात्रों के साथ हो रहे उत्पीड़न और शिक्षा के नाम पर व्यावसायी करण बंद हो शिक्षा के नाम पर व्यापार करते हैं उनको विद्यार्थी परिषद विल्कुल भी पनपने नहीं देगा उन्होंने साफ किया की विद्यार्थी परिषद की लड़ाई जारी रहेगी और विद्यार्थी परिषद ऐसे शिक्षा माफियाओ को वक्सेगा नहीं इस प्रदर्शन मे प्रांत कार्यसमिति सदस्य प्रांशु बाजपेयी विभाग छात्रा प्रमुख कीर्ति पाल,नम्रता, रिया, अभिषेक, विनोद रामजी, प्रियांशू सिंह, दिव्यांश चौहान नगर मंत्री वरुण मिश्रा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### परेशान विद्युत सखी ने कहा उन्हें संविदा में रखा जाए



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एसएचजी के द्वारा चयनित की गई विद्युत सखी जो घर-घर जाकर उपभोक्ताओं का बिल जमा करती हैं ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें इन लोगों ने कहा 1999 रुपए तक बिल भुगतान करने पर 19 रुपया ग्रामीण का कमीशन तथा शहर का 11 कमीशन तथा 2000 रुपए के ऊपर जमा करने पर 1 ग्रामीण का तथा 40फीसद शहर का कमीशन मिलता था। एक गरीब महिला विद्युत सखी बनकर चार दिवारी से बाहर निकल कर अपने मन में हौसला रखकर अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए 7 से 8 घंटे फील्ड में रहकर मेहनत करती है। इस दौरान इन लोगों ने कहा की 8 घंटे मेहनत करने के बाद भी अब जो व्यवस्था लागू की गई है जो नई आईडी लॉन्च की गई है उसमें विद्युत सखी बहुत परेशान है। इसका कमीशन 10 पैसा 20 पैसा और 90 पैसा व 1 प्रीपेड कर दिया गया तथा नए ऐप सही तरीके से लॉन्च नहीं है। जिससे सारी विद्युत सखियां अत्यधिक परेशान है। इन लोगों ने मांग किया की पुरानी व्यवस्था को लागू किया जाए या तो इन लोगों को संविदा कर्मी की तरह वेतन भुगतान किया जाए ताकि इनका भरण पोषण ठीक तरीके से हो सके। इस अवसर पर निशा सिंह, निर्मला, पूर्णिमा सिंह, जया देवी, अंजु देवी, संध्या देवी, श्यामा देवी, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में विद्युत सखी मौजूद रही।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज द्वारा जनपद में आयोजित हो रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम प्रवेश, सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह द्वारा भी होमगार्ड भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी मॉनिटरिंग एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### इन्फोसिस कंपनी ने किसानों को आय बढ़ाने के बताए गुण



**कुलपहाड़/महोबा।** बुंदेलखंड में इंटरक्रॉपिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई संगठन कार्य कर रहे हैं। जिसमें किसानों को खेती के साथ-साथ बागवानी करने में सहायता दी जा रही है। जनपद में अमृताएं फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध करा रही है। रविवार को इंफोसिस सहित कई कंपनियों के अधिकारियों ने महोबा के सुगिरा गांव के खेतों में पौधों व फसलों का निरीक्षण किया। किसानों की आय बढ़ाने व प्रदूषण को घटाने के लिए, हरित क्रांति के कार्य को आगे बढ़ाने एवं किसानों को बागवानी के प्रति रुचि बढ़ाने व इंटरक्रॉपिंग के लिए जिले में अमृताएं फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी काम कर रही है, जिसे इंफोसिस बैंगलोर सहित कई कंपनियां सहायता दे रही है। इंफोसिस कंपनी की शुभा मैडम ने सुगिरा गांव में आनंद कुमार व अजय कुमार की खेतों में लगी मूंग की फसल के साथ अमरूद, आम, महोगनी, कटहल के खेत का निरीक्षण किया और जानकारी एकत्रित की। उनके साथ मुकेश सौरभ सीईओ नवचेतना ग्रुप, निपुण कुमार एब्सलूट ग्रुप गुड़गांव, अंकुश कुमार, महोबा जिले के अमृताएं ग्रुप के प्रभारी उमेश कुमार ने भी निरीक्षण किया। इंफोसिस की शुभा ने बताया कि वह बुंदेलखंड के किसानों की आय बढ़ाने व बागवानी को बढ़ावा देने हेतु काम कर रही हैं। निरीक्षण दौरान उन्हें सबसे बेहतरीन पौधे सुगिरा ग्राम में आनंद कुमार के खेत में मिले, जो अच्छी ग्रोथ कर रहे है। किसान आनंद कुमार ने बताया कि उन्होंने लखनऊ 49 अमरूद, इलाहाबादी सफेदा, ताइवान पिंक वैरायटी के 700 पौधे जबकि आम की आम्रपाली किस्म के 50 पौधे लगाए है।

# गंगा एक्सप्रेसवे लूटकांड: दो और वांछित आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस पहले ही कई को भेज चुकी है जेल

**सवायजपुर, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर कुछ दिन पहले हुई लूट की घटना का खुलासा पुलिस पहले ही कर चुकी है, जिसमें कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में फरार चल रहे दो और वांछित आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार, मुकदमे का मुख्य अभियुक्त नीतेश उर्फ छोटू अपने एक साथी के साथ जमानत करवाने के उद्देश्य से अपने ससुराल बरवन लोनार आया हुआ था। रात्रि का फायदा उठाकर वह अपने ससुरालियों से मिलने के बाद पकड़े जाने के डर से गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से पैदल हुल्लापुर की ओर जा रहा था।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई। उपनिरीक्षक अतुल गुप्ता, उपनिरीक्षक रंजीत चौधरी समेत पुलिस टीम को मुबारकपुर पुलिया के पास चेकिंग के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार भी पुलिस बल और मुखबिर के साथ मौके पर पहुंचे और सघन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान सर्विस लेन पर करीब 100 मीटर दूरी पर दो संदिग्ध युवक तेजी से रुपापुर की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मुबारकपुर पुलिया के अंडरपास से लगभग 100 मीटर आगे खितौली जाने वाली सर्विस लेन पर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी पहले से वांछित चल रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस अन्य एक संभावित आरोपी की तलाश में भी जुटी हुई है।

### थानाध्यक्ष सवायजपुर का प्रभावी कार्यकाल, अपराधियों पर कसी नकेल



**सवायजपुर, हरदोई।** सवायजपुर थाना क्षेत्र में थाना अध्यक्ष प्रिंस कुमार का कार्यकाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार चर्चा में बना हुआ है। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए कई चोरी और आपराधिक घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा किया है, जिससे आमजन के बीच सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है।प्रिंस कुमार के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और सूचनाओं के आधार पर की जा रही कार्रवाई का ही परिणाम है कि कई मामलों में त्वरित सफलता हासिल हुई। खास तौर पर गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर कुछ समय पूर्व हुई लूट की घटना का खुलासा पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस प्रकरण में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाने का कार्य किया।थाना अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने इस सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को देते हुए कहा कि किसी भी बड़ी कार्रवाई के पीछे टीमवर्क की अहम भूमिका होती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना टीम के सहयोग के इस तरह की सफलता संभव नहीं है।उन्होंने आगे कहा कि सवायजपुर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस आगे भी इसी तरह निरंतर कार्रवाई करती रहेगी, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे और जनता को सुरक्षित वातावरण मिल सके। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि पुलिस की सक्रियता के चलते क्षेत्र में अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगा है और लोगों में विश्वास बढ़ा है।

## बहाउद्दीनपुर में युवक ने की आत्महत्या, पेड़ से लटका मिला शव

**पाली हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

पाली थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक की पहचान भारत पुत्र नत्थू (उम्र लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार में उसकी पत्नी, एक पुत्र और दो बेटियां हैं, जिनका पालन-पोषण उसी पर निर्भर था।ग्रामीणों के मुताबिक, मृतक को शराब पीने की आदत थी, जिसके चलते घर में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन भी किसी बात को लेकर तनाव हुआ, जिसके बाद वह घर से निकल गया।कुछ देर बाद गांव के उत्तर दिशा में स्थित रत्नापुर निवासी श्रीपाल के बाग में गूलर के पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।इस घटना से पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## अम्बेडकर प्रतिमा तोड़ने को लेकर बसपा प्रतिनिधिमंडल ने घटना स्थल पर जताया रोष

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा शाहाबाद के अंतर्गत थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र के ग्राम सुरजीपुर में 26 अप्रैल की रात्रि में अराजक तत्वों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन एवं बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियो ने घटना स्थल का निरिक्षण किया।बसपा प्रमुख मायावती जी के निर्देश पर बसपा जिला अध्यक्ष सूर्यकांत निराला के नेतृत्व में बसपा का प्रतिनिधिमंडल पदाधिकारियो के साथ मौके पर पहुंचा। 26 अप्रैल की रात्रि में दो अज्ञात बाइक सवार लोगों ने ईट से अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ने का काम किया वही उस समय प्रत्यक्षदर्शी महिला के अनुसार लगभग 11:00 बजे महिला शौच के लिए निकली थी उसने बताया कि बाबा साहब के बगल में एक बाइक आई जिस पर दो लोग सवार थे और वह खड़े हो गए फिर महिला बगल में बनी लैट्रिन के अंदर चली गई लेकिन जब उसने तोड़फोड़ की आवाज सुनी तो वह बाहर निकली और उसने जैसे ही टॉर्च लगाई तो दो युवक बाइक पर सवार होकर गांव की तरफ भाग गए और उसने जाकर देखा तो मूर्ति टूटी हुई थी जिस पर महिला के चिल्लाने पर गांव के तमाम लोग रात्रि में ही इकट्ठा हो गए और उन्होंने तुरंत पुलिस प्रशासन को एवं बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियो को सूचना देने का काम किया उधर पुलिस प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर रातों-रात नई मूर्ति बाबा साहब की मंगवाकर के सुबह तक लगवाने का काम जारी था और पीड़ित से तहरीर लेकर दो के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत जांच शुरू कर दी वहीं बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर हरदोई जिला अध्यक्ष सूर्यकांत निराला निराला के नेतृत्व में बसपा का प्रतिनिधिमंडल सैकड़ो पदाधिकारियो के साथ मौके पर पहुंचकर क्षेत्राधिकारी हरपालपुर से फोन पर वार्ता हुई और मौके पर मौजूद थाना अध्यक्ष बेहटागोकुल से वार्ता कर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की एवं मौके घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की भी मांग की और जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जो भी दोषी हैं उनकी तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए इस मौके पर लखनऊ मंडल प्रभारी अनिल कुमार गौतम जिला अध्यक्ष सूर्यकांत निराला जिला संयोजक रणधीर बहादुर जिला उपाध्यक्ष ठाकुर सत्यपाल सिंह जिला महासचिव महेश कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष कफील खान कार्यकारिणी सदस्य ज्ञान प्रकाश वर्मा प्रमोद सहगल शरीफ हुसैन प्रेम शंकर गौतम समर सिंह राहुल बर्मा बृजेश कुमार राय शाहबाद विधानसभा प्रभारी अरविंद गौतम आलोक कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष छोटेलाल वर्मा महासचिव रविंद्र गौतम संतराम बौद्ध एबी लाल लज्जाराम अंकित कुमार देवेंद्र कुमार बीरबल विमलेश गौतम धरम वीर अमर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में बसपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### बंटवारे को लेकर महिला को पीट कर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के बासित नगर चौराहे पर एक महिला को दुकान और मकान के बंटवारे को लेकर दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बासित नगर निवासी पूजा गुप्ता पत्नी स्वर्गीय आनंद गुप्ता के अनुसार अनिल गुप्ता पुत्र रामकृष्ण गुप्ता के बीच दुकान और मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है । इसी विवाद के चलते सुबह 9:00 बजे बासित नगर चौराहे पर अनिल गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, प्रशांत गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता ने मिलकर उसे पीटा जिससे उसे काफी चोटे आई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण करा कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## विपक्षी नारी शक्ति वंदन बिल और महिला विचारों के विरोधी: अजीत सिंह पाल

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवराज सिंह महाविद्यालय में महिला जन आक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के स्वावलंबन को ध्यान में रखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, जिसका विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया गया, जो महिला विरोधी विचारों को दर्शाता है, आज देश विश्व में अपनी सकारात्मक भूमिका में है, किसी भी देश को आगे बढ़ाने में सभी को उनका हक मिलना चाहिए, आज आधी आबादी विपक्षियों की अधिनियम विरोध के काले कारनामों से आहत है आने वाले समय में माताएं बहनें लोकतांत्रिक ढंग से विपक्ष को सबक सिखाने को लेकर आतुर हैं, कार्यक्रम में उपस्थित खागा विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि जब जब महिलाओं को कमतर आंकने की भूल जिसने भी की है उसे समय आने पर उसे मातृशक्ति द्वारा उचित जवाब दिया गया है, सम्मेलन में उपस्थित जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि हम विकसित भारत के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, विपक्षियों द्वारा जिस तरह से महिलाओं का अहित किया गया है उसे हमारी मातायें बहनें बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगी, सम्मेलन में का संयोजन जिला महामंत्री सुशीला मौर्या व टोली द्वारा किया गया, कार्यक्रम में जय कुमार जैकी, राजेंद्र पटेल, विक्रम सिंह जयंती वर्मा, रेखा सरोज, सुनीता गुप्ता, ज्योति प्रवीण, अंजू त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, विजय लक्ष्मी साहू, सुनिधि तिवारी, मनीषा गुप्ता, राधा साहू, वन्दना द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### भूमि विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा, आधा दर्जन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

शाहाबाद कोतवाली के तिऊर चौगमा गांव में भूमि पर कब्जा करने को लेकर हुए विवाद में कुछ दबंगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया घटना के नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। नीलम पत्नी रमेश चंद दीक्षित निवासी तिऊर चौगमा के अनुसार गांव के दिनेश चंद्र दीक्षित, आदित्य, आनंद, ओमप्रकाश उर्फ बड़े भैया, विकास दीक्षित एवं विशेष कुमार तिवारी ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। जब विरोध किया गया तो उक्त दबंगों ने उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। घायल महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज में यूपी बोर्ड के मेधावियों का हुआ सम्मान



**फतेहपुर।** चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज चन्द्रनगर पीरनपुर में आयोजित मेधा अलंकरण समारोह में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में बैठने वाले छात्र, छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया व छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना की। हाईस्कूल में कला वर्ग व विज्ञान वर्ग में अंशिका, अक्सा नाज, श्लोक हयारण एवं इण्टरमीडिएट के कला एव विज्ञान वर्ग में अरबिया नाज, समृद्धि गुप्ता ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरान्वित किया। इस कार्यक्रम का संचालन आशा पाण्डेय एवं आयुष द्वारा किया गया और कैलाश चन्द्र बाजपेयी ने अगामी छात्रों का मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार की अन्जू लता चौहान, छाया यादव, प्रियंका त्रिपाठी, हुस्नआरा, प्रेमशंकर तिवारी, राजेश कुमार, मोहनीश, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## एग्रो इनपुट डीलर्स एसो. ने पीएम के नाम भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा की एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन देश के खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक रजिस्टर्ड संगठन है जो लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के सदस्यों द्वारा पिछले 10 सालों से लगातार तमाम समस्याओं का सामना किया जा रहा है और केंद्र, राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों तक बार-बार निवेदन किए जाने के बाद भी इनका निराकरण नहीं होने के कारण देश के कृषि आदान व्यापारी एक दिन के सांकेतिक हड़ताल पर रहे। इन लोगों ने कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय की तर्ज पर पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर अनुदानित उत्पाद बेचने की बाध्यता पर रोक लगे। बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों का डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8: किया जाए। नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष बनाने के कठोर प्रावधान को शिथिल किया जाए सहित 12 सूत्रीय मांगों को उठाया गया। इन लोगों ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित निराकरण हेतु कहा जाए। इस अवसर पर सुनील कुमार मिश्रा, स्वतंत्र परिहा,र वीरेंद्र सिंह, राजकुमार मौर्य, दीपक मौर्य, शत्रुघ्न पटेल, अमित मौर्य, वसी अहमद, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र मौर्य, कामता सिंह, सुशील मौर्य, समीर खान, वारिस अली, अरुण मिश्रा, विपिन मौर्य, नीरज मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 219210613 में मेरा नाम हुसैन उर्फ उसेद अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम उरसेद जान मोहम्मद अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही है। इसलिए मेरे बीमा पॉलिसी में मेरा नाम हुसैन उर्फ उसेद उर्फ उरसेद जान मोहम्मद अंकित किया जाए। हुसैन उर्फ उसेद उर्फ़ उरसेद पुत्र जान मोहम्मद ग्राम भाकुरा कोठारा पोस्ट गंडरा कैसरगंज बहराइच, मो 9372892235

# भाजपा की पूर्व जिला महिला नेत्री ने जिलाध्यक्ष पर सनसनीखेज आरोप लगा बढ़ाई राजनीतिक हलचल

- भाजपा की महिला नेत्री का फेसबुक पर लाइव आकर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपों को बताया बेबुनियाद, एसपी से की जांचकर कार्रवाई की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा की पूर्व जिला मंत्री महिला नेत्री का भाजपा जिलाध्यक्ष पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए सोसल मीडिया फेसबुक में वीडियो वायरल होने से राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा कर रख दी है और महिला नेत्री ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष ने महिला द्वारा लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटी सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की महोबा में जारी अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आने लगी है। बीति 30 जनवरी को महोबा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुँचे जलशक्ति मंत्री का चरखारी विधानसभा से भाजपा विधायक द्वारा रास्ता रोककर विरोध जताया गया। भाजपा विधायक के अपनी ही सरकार के मंत्री का रास्ता रोककर जताये गए विरोध के बाद अब महोबा भाजपा में जारी अंदरूनी कलह को बाहर लाकर रख दिया है। बीते दिनों भाजपा जिला कार्यकारिणी गठन के बाद विरोध जताते हुए पद से इस्तीफा देने वाली पूर्व जिला मंत्री ने बीती रात फेसबुक लाइव आकर भाजपा जिलाध्यक्ष,जिला उपाध्यक्ष सहित जिला महामंत्री पर सनसनीखेज आरोप लगा महोबा की राजनीति में भूचाल खड़ा कर दिया है।

### जिलाध्यक्ष ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

**महोबा।** जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने आरोपों को बेबुनियाद बता पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

वीडियो के सामने आने के बाद प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल से पोस्ट कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पूर्व जिला मंत्री ने एसपी शशांक सिंह को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच करा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है। लेकिन पार्टी के अंदर वर्चस्व की जंग को लेकर छिड़ी अंदरूनी कलह अब सामने आने लगी है जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने लगा है। बीति 30 जनवरी को विधायक ब्रजभूषण राजपूत द्वारा प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का रास्ता रोकने से शुरू हुआ विरोध अब पार्टी कार्यकर्ताओं में जारी असंतोष को सामने लाने का काम कर रहा है। विगत रात्रि सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद महोबा में राजनीति की तपिश बढ़ गई है। मामला सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल से पोस्ट कर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। महिला नेत्री पूर्व जिला मंत्री ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को लिखित शिकायती पत्र देकर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा पर जिला उपाध्यक्ष का पद पाने के लिए हमबिस्तर होने की बात कहने का सनसनीखेज आरोप लगा मामले में नामजद भाजपा जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बहरहाल इतना तो साफ है कि बीते 9 वर्षो से प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी अब अपने ही नेताओं के बीच जारी वर्चस्व की जंग से जूझती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव मारुती साहू ने मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदेश सचिव का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा की बात करने वाली भाजपा में किस तरीके से महिलाओं का शोषण होता है यह महज एक बानगी है एक महिला ने जिस तरीके से जिलाध्यक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं इसकी निष्पक्ष जांच हो जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 217036 267 में मेरा नाम शहर बानो पत्नी अब्दुल कादिर अंकित है ,जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम बानो बेगम पत्नी कादिर बेग अंकित है। यह दोनों नाम मेरे और मेरे पति के हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम शहर बानो उर्फ बानो बेगम पत्नी अब्दुल कादिर उर्फ कादिर बेग अंकित किया जाए। शहर बानो उर्फ बानो बेगम पत्नी अब्दुल कादिर ग्राम परशुरामपुर पोस्ट फखरपुर बहराइच, मो. 6389009510

## सुबेहा क्षेत्र में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकली भव्य यात्रा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत शहरी इस्लामपुर कटरा, सुबेहा क्षेत्र में गौ माता की पूजा-पाठ एवं आरती उतारकर भव्य यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पंडित अजय नाथ मिश्रा के दरवाजे से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संत पथिक महाविद्यालय पर जाकर संपन्न हुई।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान का संदेश दिया।

# विधायक ने 66 लाख से बनने वाले पीपा पुल का किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के अंतर्गत आदि गंगा माँ गोमती स्थित मौलाबाद घाट पर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए लगभग ?66 लाख की लागत से निर्मित नवीन पीपा पुल का आज विधायक दिनेश रावत द्वारा उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र की मातृशक्ति, बुजुर्गों, किसानों एवं आमजन की आवाजाही को सुगम बनाएगा तथा दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत प्रदान करेगा। साथ ही स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।



उन्होंने आगे कहा कि उनकी प्राथमिकता विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और मजरे तक विकास की किरण पहुंचाना है तथा अंत्योदय के संकल्प के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु वे निरंतर कार्यरत हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुशील जायसवाल, जिला मंत्री कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्नू' , मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा सचिन वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष त्रिवेदीगंज प्रहलाद शरण जायसवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रधान सचिन सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा , एडवोकेट प्रदीप बाजपेई , राघवेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएचसी परिसर में चल रही निजी पैथालॉजी

### डॉक्टर मरीजों को निजी पैथोलॉजी में से जांच कराने के लिए लिख रहे पर्चा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में आधुनिक पैथोलॉजी की सुविधा होने के बावजूद आने वाले रोगियों को बाहर की जाँच लिखी जा रही है यही नहीं शासन के सख्त दिशा निर्देशों के बाद भी डॉक्टरों द्वारा धड़ल्ले से बाहर की दवाई लिखी जा रही है। कोतवाली हैदरगढ़ के गंगापुर संसारा गांव निवासी संग्राम रावत अपनी 27 वर्षीय पत्नी गुड़िया को दाहिने स्तन में पिछले दो-तीन दिनों से पड़ी गांठ के इलाज के लिए सोमवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर आए थे जहां ओपीडी में तैनात डॉक्टर फरहत अली द्वारा सुबह लगभग 11 बजे ओपीडी के पर्चा नंबर 8709 पर सीबीसी,एलएफटी एवं केएफटी की जांच लिख दी गई। अस्पताल परिसर में आधुनिक पैथोलॉजी की सुविधा होने के बावजूद पति-पत्नी ने बताया कि उनसे अस्पताल परिसर में ही खुली एक पैथोलॉजी से जांच कराने के लिए कहा गया। जहां पर उनसे तीनों जांचों के नाम पर 1500 वसूल लिए गए। पति-पत्नी ने यह भी बताया कि इन जांचों में रिपोर्ट नॉर्मल आने के बाद भी स्तन में गांठ के इलाज के नाम पर उन्हें बाहर की दवाएं लिख दी गई और 15 दिन बाद फिर से दिखाने के लिए कहा गया। महिला ने बताया कि जब वह मेडिकल स्टोर पर पहुंची तो दस दिन की दवा का दाम 1050 रुपये बताया गया। जिसके चलते उसने केवल 3 दिन की दवा 480 रूपये मे खरीदी। जब इस संबंध में डॉक्टर फरहत अली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर की आशंका के चलते उन्होंने यह जाँच करवाई थी। जांच में यह आशंका निराधार पाई गई है। अस्पताल के अंदर से जांच के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा की सीएचसी मैं यह जांच संभव नहीं थी।

## सड़क दुर्घटना में फार्मासिस्ट सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत, महिला घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अलग-अलग स्थानो पर हुए सड़क हादसों में फार्मासिस्ट समेत दो लोगों की मौत हो गई,जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पहली सड़क दुर्घटना बांदा बहराइच मार्ग पर गढ़ी सतरही गांव के निकट हुई। पड़ोस में रहने वाली शिवकुमारी पत्नी जग प्रसाद 45 वर्ष को साथ लेकर खरसतिया गांव निवासी समऊ 50 वर्ष रविवार रात गौरा गांव निमंत्रण में शामिल होने गए थे।

बताते हैं कि वापसी में जब दुर्घटना स्थल के पास पहुंचे तभी कार की टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद कार चालक फरार हो गया।

## सेवानिवृत्त होने पर पीआरडी जवान को दी गई भाव-भीनी विदाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में पीआरडी जवान गया प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विकास खण्ड सभागार मे एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अरविंद बाजपेई की उपस्थिति में सेवानिवृत्त जवान गया प्रसाद को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में एक बैग और रामचरितमानस भेंट की गई। इस अवसर पर पी आर डी जवान विजय शंकर शर्मा ने कहा कि गया प्रसाद जी ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की है।

# एनकार्ड की बैठक संपन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेड्यूल एच-1 रजिस्टर समस्त रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक बनायेंगे तथा उसमें नारकोटिक्स ड्रग सेल का विवरण भरेंगे। बिना डाक्टर प्रिस्क्रिप्शन के नारकोटिक्स ड्रग का सेल कोई भी फुटकर औषधि विक्रेता नहीं करेंगे। नारकोटिक्स ड्रग सेल का अलग से कैश मेमो रिकॉर्ड बनाया जाए। समस्त दवा विक्रेता अपनी दुकानों पर कैमरा लगाए तथा न्यूनतम 15 दिवस कि रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखेंगे।



उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महिमा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पावर हाउस पर उपभोक्ताओं का हंगामा अधिकारियों की गैर-मौजूदगी से भड़का गुस्सा

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित महराजगंज पावर हाउस में अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं का धैर्य पूरी तरह जवाब दे गया। भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान दर्जनों ग्रामीण और कस्बे के लोग जब अपनी शिकायत लेकर अधिशासी अभियंता (ङ्गश्वह्) कार्यालय पहुंचे, तो वहां किसी भी उच्चाधिकारी के मौजूद न होने पर उपभोक्ताओं का गुस्सा और भड़क गया। नाराज उपभोक्ताओं ने कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का गंभीर आरोप है कि एक ओर बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी दफ्तरों से नदारद हैं। उपभोक्ताओं ने विभाग पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो जेई फोन उठाते हैं और न ही कोई बड़ा अधिकारी मौके पर फरियाद सुनने को तैयार है। आक्रोशित लोगों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति का रोस्टर नहीं सुधरा, तो वे कार्यालय में तालाबंदी कर सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। फिलहाल, बिजली विभाग के प्रति जनता में भारी असंतोष बना हुआ है।




## खबरें एक नजर में

### एसपी ने साइबर कार्यशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया जागरूक




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को थानाक्षेत्र मुंशीगंज अन्तर्गत राजर्षि रणन्जय सिंह इन्सटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एन्ड मैनेजमेन्ट कॉलेज में साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा कॉलेज के बी-टेक व एमबीए के छात्र-छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को साइबर जगत में होने वाले वित्तीय व गैर-वित्तीय साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से उदाहरण के माध्यम से समझाया गया, तथा छात्र- छात्राओं को सोशल मीडिया अकाउंट्स पर Two-Step Verification लागू करने और अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट से बचने की सलाह दी गई। क्यू आर कोड के माध्यम से भुगतान करते समय सावधानी बरतने और केवल विश्वसनीय स्त्रोतों से ही लेनदेन करने पर जोर दिया गया। साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट एवं उससे बचने के तरीके और ऐसी घटना होने पर उसके संबंध में रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करने व स्थानीय थाने पर सूचना देने हेतु बताया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों से संवाद किया गया जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न साइबर अपराध के बारे में प्रश्न पूछे गए जिसका पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर देते हुए विस्तार से जानकारी देकर बताया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं के भीतर 'डिजिटल साक्षरता व साइबर जागरुकता' को बढ़ावा देना रहा ताकि वे तकनीक का लाभ तो उठा सकें, लेकिन इसके खतरों से भी सुरक्षित रहें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण और पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 'अन्नदाता है सब रहम करिए', सौंपा गया ज्ञापन

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन रायबरेली के द्वारा किया गया प्रदर्शन। प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। कृषि व्यापारियों की समस्या के निराकरण के लिए सोंपा गया ज्ञापन। खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं के संगठन ने खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।



वहीं उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद, अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किए जाने की मांग की।

## बीस फिट गहरे नाले में पलटी तेज रफ्तार पिकअप

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज थानाक्षेत्र में अलाईपुर चौराहे के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे नाले में पलट गई। हादसे में महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पिकअप अयोध्या से लालगंज बैसवारा जनपद रायबरेली की ओर जा रही थी। इसी दौरान अलाईपुर चौराहे के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरा। वाहन में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जिनमें से आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

## गाजीपुर की घटना को लेकर सपाइयों ने भरी हुंकार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़**

गाजीपुर और हरदोई मामलों को लेकर रायबरेली मे सपा ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान सपाइयों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा है। सपा कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक हुए पैदल मार्च के दौरान सपाइयों ने दोनों जनपद के आरोपियों को फाँसी दिए जाने की मांग के साथ पीड़िता के परिजनों को पचास लाख रुपये मुआवज़े की भी मांग की है। सपा प्रदेश सचिव डॉक्टर शशिकान्त शर्मा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए निशा विश्वकर्मा और शिल्पी कुशवाहा के हत्यारे को फांसी देने व परिजनों को 50-50 लाख रुपए की मांग के साथ आरोपियों के घर बुलडोज़र से गिराए जाने की भी गुहार लगाई है।

## लकड़ी ठेकेदार ने काटे पांच गूलर के पेड़

▸ पुलिस व वन विभाग पर मिली भगत का आरोप

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर मेहमानपुर गांव के पास प्रतिबंधित गूलर के पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। आरोप है कि वन विभाग की कथित मिलीभगत से लकड़कट्टों ने बीती रात पांच गूलर के पेड़ों को काटकर धराशायी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही मलऊ ने अपने तीन गूलर के पेड़ों के साथ-साथ सीता पत्नी भगवान बक्स के दो गूलर के पेड़ों को भी बेच दिया। आरोप है कि इसके बाद रात के समय पेड़ों की कटाई कर दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गढ़ी निवासी अतीक नामक ठेकेदार निवासी गढ़ी सातनपुरवा ने पेड़ों की कटाई कराई थी।



घटना के बाद मौके पर कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली, जबकि कटान करने वाले लोग फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दे दी है। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस व वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने सौंपा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने कृषि आदान से जुड़े खुदरा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिलाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों के हितों से जुड़ी प्रमुख मांगें रखी गई। एसोसिएशन ने उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके व एमओपी की डोर-स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि छोटे दुकानदारों पर परिवहन का आर्थिक बोझ कम हो। बढ़ती महंगाई, किराया और बिजली खर्च का हवाला देते हुए डीलर मार्जिन बढ़ाने की भी मांग उठाई गई। कीटनाशक नमूने फेल होने पर केवल खुदरा विक्रेता को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताते हुए कहा गया कि सीलबंद उत्पादों की गुणवत्ता की जवाबदेही निर्माता कंपनियों की तय हो। साथ ही, छोटे बीज विक्रेताओं को साथी पोर्टल की तकनीकी जटिलताओं से राहत देने की मांग की गई। इस मौके पर राम किशोर त्रिवेदी, राम किंकर त्रिपाठी, गौरव सिंह, सूबेदार सिंह और यतेंद्र प्रताप त्रिपाठी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे एसोसिएशन ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई है।

# प्रशासन से मदद की आस टूटते देख खुद सड़क के गड्ढे भरने को जुटे ग्रामीण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

जिले के जामों विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर चौधरी में ग्रामीणों की कार्यशैली एक बार फिर सुर्ख़ियों में आई है। प्रशासन से मदद की आस टूटते देख ग्रामीणों द्वारा स्वयं सड़क के गड्ढे को भरा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग जगदीशपुर रोड से पूरे बेगम गांव से होते हुए कल्याणपुर गौरा मंदिर मार्ग को जोड़ता है। ग्रामीणों ने बताया है कि प्रशासन को इस मार्ग के मरम्मत के लिए पहले से कई बार सूचना दी गई थी। आरोप है कि आज तक प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस रास्ते से स्कूली बच्चे व राहगीर आते जाते हैं जो कि अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए स्वयं गड्ढों को भरा जा रहा है। कहीं न कहीं प्रशासन की उदासीनता झलक रही है। प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है सड़क का स्थाई समाधान निकाला जाय। जिससे स्कूली बच्चे व राहगीर चोटिल न हों।

## मछरेहटा विकासखंड की ग्राम पंचायत अनोगी में फर्जी भुगतान का आरोप, खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवाल

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है, वहीं जनपद सीतापुर के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर अपनी ईमानदार और सख्त प्रशासनिक छवि के लिए लगातार चर्चा में बने हुए हैं। जिलाधिकारी द्वारा कई मामलों में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की गई है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद जनपद के कुछ विकासखंडों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड मछरेहटा से सामने आया है, जहां खंड विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मछरेहटा के खंड विकास अधिकारी पर आरोप है कि वे अपने अधीनस्थ सचिवों और कर्मचारियों को संरक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। बताया जाता है कि कई मामलों में जांच कराए जाने के बाद भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाती और मामले को दबा दिया जाता है। इसी कारण विकासखंड में फर्जी भुगतान और अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत अनोगी में तैनात सचिव रणविजय सिंह पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से फर्जी भुगतान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि सचिव द्वारा लगभग 10 हैंडपंप (नल) मरम्मत/रिबोर के नाम पर करीब 58,612 का भुगतान निकाल लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सामान्यतः एक हैंडपंप की मरम्मत में नल मिस्त्री और मजदूरी मिलाकर लगभग 900 से 1000 तक का खर्च आता है, जबकि रिकॉर्ड में एक-एक नल पर कई हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। इससे पूरे मामले में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

दस्तावेजों के अनुसार नल मिस्त्री और मजदूरों के नाम पर किए गए कुछ भुगतान इस प्रकार बताए जा रहे हैं।

# सांसद राकेश राठौर का आमरण अनशन अपर पुलिस अधीक्षक ने समाप्त कराया

▸ वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक के अलावा नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, सीओ सिटी, इंस्पेक्टर हरगांव और तालगांव भी शामिल रहे

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** लोकतंत्र के इतिहास में एक अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय घटना सामने आई है जहां एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि सांसद श्री राकेश राठौर को पुलिस प्रशासन द्वारा बिना नोटिस व बिना कारण बताए हाउस अरेस्ट कर उनके संवैधानिक एवं विशेषाधिकारों का खुला उल्लंघन किया गया, सांसद को न केवल उनके निवास स्थान पर सीमित किया गया बल्कि उनके दैनिक जनसंपर्क/निरीक्षण और जनता के मुद्दों पर हस्तक्षेप जैसे कर्तव्य में भी बाधा डाली गई यह कृत्य न केवल एक जनप्रतिनिधि के प्रति अन्याय है बल्कि समूचे लोकतांत्रिक ढांचे और जनता के अधिकारों पर सीधा हमला है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब पुलिस कर्मियों द्वारा सांसद राकेश राठौर को उनके वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन से जबरन रोका गया यह व्यवहार न सिर्फ अनुचित है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ है! सांसद राकेश राठौर के साथ पुलिस द्वारा अंजाम दी गई यह घटना धारा 221 बी एन एस धारा 126 बी एन एस धारा 115 बी एन एस धारा 351 बी एन एस धारा 352 बी एन एस का घोर उलंघन है जिसे आज इंस्पेक्टर नगर कोतवाली सीतापुर ने लोक सेवक के विरुद्ध विधि के विपरीत कार्य कर अधिकारों का दुरुपयोग किया,तथा जन प्रतिनिधि को अवैध तरीके से रोका। 17 घंटे के सांसद राकेश राठौर के आमरण अनशन ने सीतापुर की राजनीति और प्रशासनिक अमले मे हड़कंप मचा दिया अंततः अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर , सीओ सिटी , थानाध्यक्ष हरगांव और तालगांव की उपस्थिति मे सांसद राकेश राठौर, डां बृजबिहारी , कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह, कांग्रेस जिला प्रवक्ता एहिताशाम बेग से वार्ता हुई और प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम मे अपनी गलती स्वीकार की और प्रशासन की तरफ से ऐसी दोबारा चूक नही होगी और इस चूक के जिम्मेदारो पर कार्रवाई भी होगी।

## सड़क हादसे में भाजपा बूथ अध्यक्ष की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भारत चंद्र तिवारी की मौत हो गई। यह दुर्घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर चौराहे के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती कम करने के दिए निर्देश

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने नगर में पूर्वी बाईपास स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती से ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती पर चर्चा की और इसे कम करवाने के लिए कहा।



विधायक ने कहा इन दिनों मक्का की फसल में काफी पानी की जरूरत रहती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती से किसानों के नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इसके कारण सिंचाई नहीं हो पाने से मक्का की फसल बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा इससे पहले आलू की फसल में किसान की मेहनत पर पानी फिर चुका है। हाल हो में बेमौसम हुई बरसात में गेहूं की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में अब मक्का की फसल बची है अगर इसे पानी नहीं मिला तो यह भी बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा बिजली कटौती की सबसे ज्यादा शिकायतें बहवलपुर 33 केवी उपकेंद्र और उसके साथ ही अमोलर और ताहपुर फीडर से भी मिल रही हैं। 30 अप्रैल से लखनऊ में विधानसभा का सत्र प्रारंभ हो रहा है। इसके बाद एक मई को मैं शक्ति भवन के अधिकारियों सहित प्रदेश के विद्युत मंत्री से भी मिलकर यहां की समस्या को रखूंगी ताकि उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में ग्रामीण फीडरों पर ओवरलोडिंग की वजह से हो रही विद्युत कटौती व फॉल्ट से किसानों व आमजन की हो रही समस्याओं के संबध में मुख्य अभियंता विद्युत कानपुर परिक्षेत्र कमलेश चंद्र आजाद से मोबाइल पर वार्ता कर समस्या का अतिशीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया था। इसके बाद कल रात से ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत कटौती में कुछ सुधार हुआ है। उन्होंने कहा बिजली कटौती जो भी हो वह लगातार होनी चाहिए। ऐसा नहीं कि कुछ देर चालू रखी और फिर बंद कर दी। इससे आम जनता को बहुत परेशानी होती है। इस दौरान एसडीओ सिकंदरपुर संजय गुप्ता और जेई बहवलपुर विकास कुमार मौजूद रहे।

### कसाबा में जल्द बनेगा विद्युत उपकेंद्र

छिबरामऊ। अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने विधायक अर्चना पांडेय को बताया कसाबा में 33 केवी विद्युत उपकेंद्र के लिए जगह चिन्हित हो चुकी है। इसके लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बन जाने से इस क्षेत्र में ओवरलोडिंग की समस्या 10 साल के लिए समाप्त हो जाएगी। इस पर विधायक ने कहा आपकी जो भी समस्या हो और जो भी वित्तीय स्वीकृति जल्द करानी हो उसके लिए हमें पत्र लिखकर दे दें। मैं लखनऊ पहुंचकर इस बारे में विद्युत मंत्री एवं अधिकारियों से वार्ता करूंगी।

# सड़क हादसे में कई घायल, दो की हालत गंभीर

- प्रेमपुर के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली के प्रेमपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें नवप्रसूता समेत एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा के मोहल्ला देवला पक्षी विहार निवासी सौरभ सिंह (34) अपनी पत्नी रोशनी (30) की डिलीवरी कराने चार दिन पहले अपनी ससुराल गुरसहायगंज क्षेत्र के गांव आलमपुर



गहलोत गए थे। 25 अप्रैल को कन्नौज के एक निजी अस्पताल में रोशनी ने सामान्य प्रसव के जरिए एक बेटे को जन्म दिया। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सौरभ अपने नवजात पुत्र, पत्नी, मां माया देवी (52) और मौसी ममता (50) के साथ कार से वापस ग्रेटर नोएडा लौट रहे थे। जब वह प्रेमपुर के पास पहुंचे तभी रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सौ शैया अस्पताल भिजवाया।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने माया देवी और प्रसूता रोशनी की हालत गंभीर देखते हुए, उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मल्लावा में पीएम की सभा को लेकर तैयारी तेज

- 20 हजार कार्यकर्ता पहुंचेंगे एक लाख भीड़ जुटाने का लक्ष्य
- गंगा एक्सप्रेसवे से सफर आसान, असीम अरुण ने की समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावा में प्रस्तावित नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर कन्नौज में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटे हैं। पड़ोसी जिला होने के कारण यहां से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी की जा रही है।



प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बनने से कन्नौज समेत आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा और मेरठ सहित कई शहरों की दूरी काफी कम हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनसभा में करीब एक लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य है, जिसमें कन्नौज से 20 हजार से अधिक कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बैठक में परिवहन, संगठन और जनसंपर्क को लेकर रणनीति तय की गई। इस दौरान असीम अरुण ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भी विश्वास जताया कि वहां भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी।

# कम्बल वाले बाबा के 'इलाज' का खेल बेनकाब, ठगी का आरोप

- तेल-चूर्ण के नाम पर वसूली

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर क्षेत्र के मानीमऊ में चल रहे तथाकथित 'कम्बल वाले बाबा' के कार्यक्रम और उनके इलाज के दावों पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पहले जहां मरीजों ने इलाज के नाम पर ठगी और बेअसर उपचार के आरोप लगाए थे, वहीं अब व्यवस्थाओं और व्यवहार को लेकर भी नई शिकायतें सामने आई हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों पर बैरियर लगा दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बाबा के चेले रास्तों पर बैठकर लोगों से अभद्र व्यवहार करते हैं और आम जनता से ठीक ढंग से बात नहीं करते। बताया जा रहा है कि जहां कुछ 'वीवीआईपी' लोग सीधे पंडाल तक पहुंच जाते हैं, वहीं आम लोगों को अपने वाहन दूर खड़े कर पैदल ही जाना पड़ता है। इससे लोगों में नाराजगी है। नाम न छापने की शर्त पर कई ग्रामीणों और इलाज कराने आए लोगों ने बताया कि खुलकर विरोध करने पर उनके साथ गलत व्यवहार किए जाने का डर बना रहता है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि बाबा के पास निजी सुरक्षा गार्ड तैनात हैं, जो जानकारी लेने आए लोगों से भी बदसलूकी करते हैं। कई महिलाओं ने बताया कि वे इलाज के लिए आई थीं, लेकिन सही जानकारी न मिलने पर दोबारा मिलने की कोशिश करने पर गार्डों ने उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया।

इससे पहले भी मरीजों ने आरोप लगाया था कि उन्हें 4-5 दिन तक रुकवाकर महंगे दामों पर तेल और चूर्ण खरीदवाया जाता है, लेकिन कोई



लाभ नहीं मिलता। बताया गया कि दवा के साथ करीब 200 रुपये का एक 'निशान' दिया जाता है, जिसके सामने ही दवा का उपयोग करने को कहा जाता है।

इलाज के नाम पर शरीर को मरोड़ने जैसी प्रक्रियाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले में स्वास्थ्य विभाग से जानकारी लेने पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सी.पी. पाल और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि इस तरह के तरीकों से गंभीर या असाध्य रोगों का इलाज संभव नहीं है। उनका कहना था कि जब मेडिकल साइंस स्वयं कई जटिल बीमारियों के इलाज को चुनौती मानता है, तो इस प्रकार के दावे भ्रामक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने यह भी बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय से भागवत कथा के आयोजन हेतु स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध आया था, जिसके तहत चिकित्सा व्यवस्था दी गई थी। हालांकि आरोप है कि धार्मिक आयोजन की आड़ में कथित इलाज कर भोली-भाली जनता को अंधविश्वास में फंसाया जा रहा है।

मौके पर बेचे जा रहे तेल और चूर्ण पर 'काले कम्बल वाले बाबा' का नाम और फोटो अंकित होने की बात भी सामने आई है, जिससे पूरे मामले के व्यावसायिक पहलू पर सवाल उठ रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला लाहौरी टोला निवासी असद पुत्र रफीक खान के घर में घुसकर एक युवक ने अलमारी में रखा लगभग 7 ग्राम सोना चोरी कर लिया। चोरी में 3.30 ग्राम की एक सोने की अंगूठी और 3.30 ग्राम की एक कनोती शामिल थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी का सोना शराफे की दुकान पर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस तुरंत दुकान पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### गेहूं खरीद शुरू, 2585 रुपये एमएसपी तय



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद शुरू हो गई है। सरकार ने 2585 रुपये प्रति कुंतल एमएसपी तय किया है, साथ ही 20 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। इस बार फार्मर आईडी अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। जिले में 41 क्रय केंद्रों पर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खरीद हो रही है। किसानों के लिए पेयजल, बैठने व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। ई-पॉप से सत्यापन के बाद खरीद होगी और भुगतान 48 घंटे में खाते में भेजा जाएगा। अब तक 254 किसानों से 1133 मीट्रिक टन खरीद हो चुकी है।

### घरेलू कलह से आहत महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सौरिख क्षेत्र के नगला भीम गांव में घरेलू विवाद से परेशान एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। नगला भीम निवासी पवन नायक की पत्नी रजनी देवी ने सोमवार दोपहर अपने कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर रजनी को लटका देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रजनी को मानसिक रूप से परेशान किया जाता था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। औरैया जनपद के बिधूना निवासी रजनी देवी की शादी करीब आठ वर्ष पहले सौरिख क्षेत्र के नगला भीम निवासी पवन नायक के साथ हुई थी। लगभग दो वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में पवन की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद रजनी ससुराल में ही रह रही थी और बताया जाता है कि वह अपने देवर के साथ रहकर जीवन यापन कर रही थी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# महिला पुलिस कर्मियों को सुरक्षित, अनुकूल परिवेश सुनिश्चित करें: एसपी

- फीता काटकर महिला बैरक का किया एसपी ने उद्घाटन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महिला पुलिस कर्मियों की सुरक्षा सुविधा एवं बेहतर आवासीय व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महिला बैरक का निर्माण कराया गया है महिला बैरक के निर्माण से अब महिला कांस्टेबलों को कोई दिक्कत नहीं उठानी पड़ेगी। यह बात पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कही सोमवार को थाना गुरसहायगंज परिसर में नव निर्मित महिला बैरक का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फीता काटकर किया उन्होंने थाना गुरसहायगंज परिसर में नव निर्मित महिला बैरक का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की सुविधा, सुरक्षा एवं बेहतर आवासीय व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए इस बैरक का निर्माण कराया गया है।

उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा बैरक का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा इसके समुचित रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने महिलाकर्मियों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य-परिवेश सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार , क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी चौकी प्रभारी दीपक कुमार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने किया पैदल गश्त

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु थाना गुरसहायगंज क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मय क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार थाना गुरसहायगंज पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आमजनमानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया तथा संबंधित को महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि करने,भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त को और प्रभावी बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## खाटू श्याम की आस्था में डूबा शहर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** इत्र नगरी कन्नौज में सोमवार को भगवान श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उल्लास के बीच निकाली गई। हारे के सहारे बाबा श्याम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस दौरान प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक असीम अरुण मुख्य रूप से शामिल हुए और बाबा के दरबार में मत्था टेककर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। सजे-धजे रथ पर विराजमान बाबा श्याम की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मंत्री असीम अरुण ने रथ की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वे भक्तों के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए और रास्ते भर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्त, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# महिला मतदाता बढ़ाने पर जोर, डीईओ ने जताई चिंता

- राजनीतिक दलों से फॉर्म-6 भरवाने का आह्वान
- ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त मिली

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें जनपद में महिला मतदाताओं की अपेक्षाकृत कम संख्या पर चिंता जताई गई।

डीईओ ने सभी दलों से अपील की कि वे अपने स्तर पर अधिक से अधिक पात्र महिलाओं के फॉर्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं, ताकि जेंडर अनुपात संतुलित हो सके।उन्होंने बताया कि विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के लिए स्नातक और शिक्षक मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। पात्र मतदाताओं से समय रहते पंजीकरण कराने को कहा गया। बैठक के बाद डीईओ ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों, कंट्रोल रूम, बिजली व्यवस्था, बैलट यूनिट कक्ष और अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। निरीक्षण में सीसीटीवी कैमरे सही हालत में मिले। डीईओ ने निर्देश दिए कि सभी कैमरे लगातार चालू रहें और परिसर में साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज की छात्राएं हुईं सम्मानित

- प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने किया छात्राओं का स्वागत

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हाईस्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य शिक्षकों ने माला पहनकर स्वागत और उत्साह वर्धन किया।

सोमवार को गोमती देवी आदर्श इंटर कालेज में छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट में छात्रा नंदनी बाथम ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरूषोत्तम, मानसी मिश्रा व मयंक यादव ने द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त कर किया। जबकि हाईस्कूल में स्वाती ने प्रथम, मोहिनी, पूजा व इरम शबा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्र, छात्राओं का प्रबंधक विजय मिश्र, प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह ने फूलमाला पहना कर, प्रमाण पत्र व उपहार देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रबंधक विजय मिश्र ने कहा कि मेधावी छात्र, छात्राएं




आगे चल कर परिवार, स्कूल, जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने छात्रों को सीख देते हुए कहा कि मेहनत अनुशासन व समयबद्धता से श्रेष्ठ सफल नागरिक होने की सीख दी और भविष्य में लगातार ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए उत्साह वर्धन किया और निरंतर जीवन में आगे बढ़ाने का आशीर्वाद भी दिया है इस दौरान प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप यादव रामप्रकाश, सतीश चन्द्र, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, कमलेश कुमार, अतुल कुमार मिश्र, गजेन्द्र सिंह, रामू त्रिपाठी, शिवरतन वर्मा, सीमा मिश्रा, आरिफ, ध्रुव त्रिपाठी आदि रहे।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना गौ सम्मान आह्वान अभियान यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत भव्य और पदयात्रा एवं संकीर्तन रैली में गौ सेवक रंजीत पांडेय द्वारा पश्चिमी बाईपास से तहसील परिसर तक लगभग 3.5 किलोमीटर की नंगे पैर पदयात्रा की गई।



इस रैली की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें साधु-संतों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अभियान की तैयारी पूरे भारत में कई महीनों से की जा रही थी। छिबरामऊ में इस अभियान को गति देने का कार्य गौ सेवक रंजीत पांडेय और उनके पुत्र कृष्णा पांडेय ने किया। तहसील परिसर पहुंचने पर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को संबोधित 80-80 पन्नों की 5 फाइलों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 2100 से अधिक लोगों के नाम, हस्ताक्षर और संपर्क विवरण शामिल थे। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और उनकी सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की गई। कड़ी धूप में नंगे पैर यात्रा करने के कारण रंजीत पांडेय को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके, गौ माता के प्रति उनकी आस्था और संकल्प ने उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति दी। तहसील पहुंचने पर वे भावुक हो गए और कार्यालय के बाहर ही जमीन पर बैठ गए। इस दौरान एसडीएम ने बाहर आकर उन्हें सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च स्तर तक अवश्य पहुंचाया जाएगा तथा क्षेत्र की गौशालाओं में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी।

### धार्मिक और सामाजिक समर्थन

गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेम गिरी जी महाराज ने गौ माता और नंदी बाबा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू धर्म में इन्हें धर्म का प्रतीक माना गया है।बाबा रामकिशोर दुबे ने मंशेस्वर नाथ मन्दिर के पास यात्रा का स्वागत किया।

### भाकियू भानू ने भी दिया ज्ञापन

**छिबरामऊ।** गौ हत्या पर तत्काल रोक, दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई तथा गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिए जाने संबंधी ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए गौ संरक्षण के लिए केंद्र सरकार को प्रभावी और कठोर कदम उठाने चाहिए।

संगठन ने यह भी कहा कि गौ रक्षा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज और किसानों के सम्मान से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। इस अवसर पर आरपी ठाकुर राष्ट्रीय सचिव, अमित राजपूत मण्डल अध्यक्ष, कानपुर), विनय कुमार गुप्ता जिला प्रभारी, रवेंद्र शर्मा वरिष्ठ मण्डल उपाध्यक्ष, अरशद जिलध्यक्ष, मजदूर मोर्चा, फैजान खान जिलाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, रामकुमार कार्यकारी जिलाध्यक्ष, विनोद यादव मण्डल संगठन मंत्री, रवि सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### देशभर में हुआ आयोजन

गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने जानकारी दी कि इसी दिन देश की 5000 से अधिक तहसीलों में भी इसी प्रकार ज्ञापन सौंपे गए हैं। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रहा है और सभी का उद्देश्य गौ संरक्षण को मजबूत करना है।

# ट्रिपिंग और कटौती से जनजीवन बेहाल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी का पारा जैसे-जैसे चढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली आपूर्ति भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन हो या रात, हर थोड़ी देर में बिजली गुल होने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं।

ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। किसानों को समय पर बिजली न मिलने के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। कई किसानों ने बताया कि बार-बार हो रही कटौती और ट्रिपिंग के चलते उनकी मक्का की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। मक्का की फसल को इस समय पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन बिजली न मिलने से सिंचाई संभव नहीं हो पा रही है।

किसानों ने यह भी बताया कि पहले ही आलू की फसल में नुकसान झेल चुके हैं, उसके बाद बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने गेहूं की फसल को चौपट कर दिया। अब मक्का की फसल पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके और किसानों की फसल बचाई जा सके।

# हाईवे पर डीसीएम व टेंपो की भिड़ंत में दंपति सहित तीन की मौत

- सड़क चौड़ीकरण के बाद हाईवे पर दुर्घटनाओं का बढ़ा आंकड़ा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर जमापुर मोड़ के पास सवारियां लेकर शाहजहांपुर की ओर जा रहा टेंपों की डीसीएम से भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि टेंपों के परखच्चे उड़ गये। इस घटना में 16 माह के बच्चे सहित 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इटावा-बरेली पर जाम लग गया। सभी घायलों को लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर सभी के परिजन भी अस्पताल पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सोमवार दोपहर इटावा-बरेली हाईवे पर जमापुर मोड़ के पास डीसीएम ट्रक संख्या यूपी 34 एटी 6582 और ऑटो संख्या यूपी 76 टी 5822 की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 8 लोग घायल हुये। जिनमें से 5 लोग ज्यादा गम्भीर हैं। घायलों को इलाज के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर जा रहा ऑटो क्षमता से तीन गुना ज्यादा सवारियां लेकर जा रहा था। जैसे ही ऑटो जमापुर मोड़ के पास समृद्धि कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंचा, तभी चालक ने वाहन को उल्टी दिशा में मोड़ दिया। सामने से आ रहे डीसीएम ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इसी ऑटो में 11 लोग सवार थे। सभी लोग एक शादी की पंचायत में शामिल होने जा रहे थे। दो गंभीर घायलों को सैफई रेफर किया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतेंद्र कुमार उनकी पत्नी तनू और 16 माह के बच्चे युवराज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 8 अन्य सवारियां घायल हुई। जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी राजेपुर और डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल पुष्पा देवी और नन्हीं को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया है। घटना के बाद मरने वालों के परिजन अस्पताल के बाहर बैठकर रोते रहे। एसपी-डीएम ने घायलों का हाल जाना। हादसे के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। राजेपुर पुलिस ने लोगो की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। जानकारी के मुताबिक नबाबगंज क्षेत्र के हव्वापुर गांव निवासी रामकरन अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ शाहजहांपुर के अल्लापुर क्षेत्र के मनिहार गांव जा रहे थे। ऑटो गांव का ही दिलीप कुमार चला रहा था। आटो में रामकरन के अलावा उनकी पत्नी पुष्पा व उनका 16 माह का पुत्र युवराज, अंशू व उसकी पत्नी बिट्टा, चार वर्षीय पुत्र राज, दिलीप, पवन, नन्हीं, रमेश चंद्र, सतेंद्र व उसकी पत्नी तनू आदि सवार थे। ये सभी लोग एक पंचायत में शामिल होने जा रहे थे। घटना की सूचना पर डीएम डॉ0 अंकुर लाठर और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने घायलों का हाल जाना और इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया।हादसे पर जानकारी देते हुए एसपी आरती सिंह ने बताया कि ऑटो के ओवर लोड होने की बात सामने आई है। जांच कर मामले में सख्त एक्शन लिया जाएगा।



घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त टेंपों, जांच करती पुलिस



लोहिया में घायलों को देखतीं डीएम-एसपी



घायल बच्चों को उपचार के लिए ले जाते लोग

# तालाब में डूबने से युवक की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की
- पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के नगरिया देवधरापुर गांव में सोमवार सुबह एक युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने गांव के एक युवक पर हत्या का अरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और शव उठाने से मना कर दिया। काफी समझाने के बाद भी परिजन नहीं माने, उच्चाधिकारियों के पहुंचने पर काफी आश्वासन के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम नगरिया देवधरापुर 40 वर्षीय आदेश पुत्र श्रीकृष्ण की गांव के तालाब में डूबकर मौत हो गयी। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि मृतक आदेश खेतीवाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इस घटना से पत्नी सीमा, माता रमा देवी व बच्चे मनीष 8 वर्ष, नैतिक 6 वर्ष, आयुष 4 वर्ष और विमान 3 वर्ष आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के संदर्भ में परिजनों ने बताया कि गांव के इंद्रपाल से किसी बात को लेकर आदेश का विवाद हुआ था। इसी दौरान इंद्रपाल ने कथित तौर पर आदेश को तालाब में धक्का दे दिया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और पांच सदस्यीय टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तालाब से शव को बाहर निकाला। जिसके बाद परिजनों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इनकार कर दिया। सुबह 8 बजे से लेकर सायं करीब 4 बजे तक शव मौके पर ही पड़ा रहा।

सूचना पर उच्चाधिकारी भी पहुंच गये और परिजनों को काफी समझाया, तब जाकर परिजन माने और पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश जारी है।



मृतक का फाइल फोटो

## दबंगों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। बिलाल पुत्र महबूब आलम ग्राम गौसपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका चाचा उवैश आलम ग्राम प्रधान है। गांव गौसपुर के राहत शेख पुत्र एजाद ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा किये था। जिस जगह में ग्राम पंचायत की ओर से कूडा घर बनवा दिया गया। तब से राहत से चाचा उवैश से रंजीश मानने लगा। 24 अप्रैल की शाम करीब 5.15 बजे प्रार्थी अपने साथी अयाज पुत्र कलीम अहमद के साथ घर के बाहर खड़ा बातचीत कर रहा था, तभी राहत शेख दो अज्ञात लड़को के साथ आया तथा गाली-गलौज करने लगा। तथा प्रधान की बुलाने की बात कहने लगा। जब मैंने कहा कि चाचा घर पर नहीं है। इस पर तीनों ने लात घूसों से प्रार्थी को पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पर साथी अयाज को भी पीट दिया। आस पास के लोगो के आने पर उक्त जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## रोडवेज बस की टक्कर से महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल हो गयी। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला कोठी निवासी राम बहादुर अपनी पत्नी राजेश्वरी को साथ लेकर कायमगंज आ रहा था। जैसे ही वह नगर ट्रांसफोर्ट चौराहे पर ट्राफिक सिंगनल लाल होने पर उन्होंने अपनी बाइक खड़ी कर ली। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला घायल हो गई। घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

## प्रधानमंत्री के एक्सप्रेस उद्घाटन कार्यक्रम में नवाबगंज से जायेंगी 30 बसें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद हरदोई में प्रधानमंत्री के द्वारा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन समारोह भीड़ जुटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। विकासखंड कार्यालय से लगभग 30 बसें जायेंगी। गांव-गांव सचिव सूची तैयार कर रहे है।

29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गंगा एक्सप्रेस वे उद्घाटन में आने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन सतर्क हो गया और विकासखंड क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को प्रधानमंत्री की सभा में भीड़ जुटाने के लिए अधिकारियों ने कर्मचारियों ने कमर कस ली है। प्रशासन की तैयारी को लेकर विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम पंचायत में जाने वालों की सूची तैयार कर रहे हैं। जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत, केयरटेकर, समूह की महिलाएं तथा विकास से जुड़े समस्त कर्मचारियों, सफाई कर्मचारी सहित समस्त कर्मचारियों को जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया। विकासखंड के ही कर्मचारियों ने बताया कि लगभग 30 बसें विकासखंड कार्यालय पर 28 तारीख को शाम को एकत्र हो जाएंगी। 29 अप्रैल को सुबह सभी लोग प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों का किया निरीक्षण

- प्रत्येक पटल पर मास्टर रजिस्टर तैयार किया जाये: डीएम
- साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, स्वच्छता व्यवस्था तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में आयुध अनुभाग, मुख्य राजस्व लेखा अनुभाग, कंप्यूटर लैब, सहायक भूलेखाधिकारी कार्यालय, आबकारी कार्यालय, चकबन्दी न्यायालय, खनन निरीक्षक कार्यालय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय, एल.बी.सी.कार्यालय, आपदा प्रबंधन कार्यालय, ई.आर.के., जिला सूचना कार्यालय, नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं कार्यालय तथा अपर जिलाधिकारी न्यायालय एवं कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में अभिलेखों एवं फाइलों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए। प्रत्येक पटल पर मास्टर रजिस्टर तैयार किया जाए तथा अद्यतन अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे आमजन को सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण में सेवाएं प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि कार्यालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से आम जनता तक पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



निरीक्षण करती डीएम

## ससुरालियों ने पीड़िता व उसकी मां व भाई को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। जब मायके वालों ने इस बात का विरोध किया तो ससुरालियों ने घायल की मां व भाई को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र के गांव हैदरपुर निवासी सुधाकर पुत्र कमलेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्री सरिता की शादी बीते 23 नवंबर 2025 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अखरा निवासी नीरज पुत्र अवधेश के साथ की थी। तब से ससुराल अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री सरिता के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करते रहते थे और घर से निकलने की धमकी देते थे। 26 अप्रैल को पुत्री सरिता को ससुराली जनों ने तथा दामाद नीरज ने अतिरिक्त दहेज में 7 लाख रुपया तथा अन्य दहेज की मांग को लेकर मारपीट की। जिसकी सूचना पुत्री ने मायके में दी। मौके पर पहुंची मां रेणुका तथा भाई ने पुत्री के साथ मारपीट करने का विरोध किया। जिस पर पुत्री के ससुरालजन आग बबूला हो गए और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिसमें रेणुका तथा पुत्र आकाश के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। बचाने आई पुत्री को भी लाठी-डंडों से पीटा। पीड़िता ने पुलिस को पुत्री के ससुरालीजन दामाद नीरज पुत्र अवधेश, सूरज पुत्र अवधेश, सूबेदार तथा अन्य के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर आरोपी जनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के बात कहीं।

# दहेज हत्या के मामले में विवेचक की घोर लापरवाही आयी सामने

- साक्ष्य के अभाव में आरोपी दोषमुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दहेज हत्या के मामले में न्यायालय में सुनवाई के दौरान पुलिस की घोर लापरवाही सामने आयी है। दुष्कर्म जैसे मामले की विवेचना उपनिरीक्षक द्वारा न कराकर थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही से विवेचना करायी गई। जिसमें घोर लापरवाही बरती गयी। ऐसे में विवेचक पर कार्यवाही होना तय है। इसी मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने संदेह का लाभ के चलते अभियुक्त को दोषमुक्त करार देते हुए अभियुक्त को धारा 437ए में 50 हजार रुपये की दो जमानतें तथा इतनी धनराशि के निजी बंध पत्र एक सप्ताह के भीतर दाखिल करने का आदेश दिया है।

वादी रामेश्वरदयाल पुत्र सेवाराम निवासी नगरिया देवधरापुर थाना कायमगंज फर्रुखाबाद की शिकायत पर पुलिस ने संतोष, मनोज पुत्रगण विद्याराम व विद्याराम निवासी ग्राम अठसेनी नवाबगंज, धीरज संतोष की बुआ का लड़का निवासी नौली अधिउली जिला मैनपुरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें वादी का आरोप है कि मेरी पुत्री की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व बुआ संतोष के लड़के के साथ हुई थी। मेरी पुत्री रीना 2 जनवरी 2006 से अपनी ससुराल से गायब थी। खोजबीन करता रहा, लेकिन पता नहीं चला। 23 जनवरी 2006 को जब मैने समाचार पत्र में पड़ा और छपी हुई उसकी फोटो देखी तो मुझे यह लगा कि हो सकता है कि मेरी पुत्री ही हो। इसके बाद मैंने थाना नवाबगंज में सूचित किया। 1 फरवरी को अपनी पुत्री रीना के चप्पल व पहने हुए वस्त्रों को जो थाने पर शीलबंद थे, उन्हे खोलकर पुलिस ने दिखाया तो वह सब कपड़े पुत्री रीना के थे। मेरी पुत्री रीना को दहेज में कलर टीवी, सोने की चेन और कुछ पैसे की मांग पूरी न होने के चलते ससुरालीजन पति संतोष, सास, धीरज आदि ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मेरी पुत्री की हत्या करके लाश को जहसपुर गांव थाना कायमगंज के गन्ने के खेत में डाल दिया। इस घटना को गांव के सभी लोग जानते है। इसी मामले में थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही को विवेचना दी गई। विवेचक सिपाही लाडन सिंह ने विवेचना की। विवेचना में घोर लापरवाही बरती गयी। इस सम्बन्ध में इस मामले की विवेचना तत्कालीन उ0नि0 लाउन सिंह के द्वारा की गयी। मुकदमे की विवेचना मेरे द्वारा थाना प्रभारी नवाबगंज के आदेश दिनांक 12/04/2006 से प्राप्त हुई थी। जिसके संबंध में मेरे द्वारा विवेचना ग्रहण कर अपहृता के भाई के साथ घटनास्थल जहाँ से अपहृता पीड़िता का अपहरण किया गया था, का निरीक्षण किया गया। अपहृता के साथ जिस ट्यूबवेल की कोठरी में दुष्कर्म की घटना कारित की गई, उस घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। दोनों घटनास्थलों का नक्शा नजरी तैयार किया गया। सुनवाई के दौरान विवेचक की घोर लापरवाही सामने आयी। इतने गंभीर मामले में विवेचक स्तर के अधिकारी द्वारा इस तरह की उपेक्षापूर्ण एवं मनमाने ढंग से विवेचना कर आरोप पत्र प्रस्तुत करना विधि की मंशा के अनुरुप नहीं है। इस तरह से इस घटना की विवेचना से विवेचक द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का केवल उल्लंघन मात्र ही नहीं किया गया है। ऐसे में मामले में सिपाही स्तर से विवेचना करायी गई। जबकि उपनिरीक्षक अधिकारी स्तर को विवेचना करनी चाहिएथी। जिस समय लाड़न सिंह ने विवेचना की उस समय एचसीपी के पद पर थे। यह स्पष्ट है कि तत्कालीन थानाध्यक्ष नवाबगंज द्वारा घोर लापरवाही की गई है। संदेश के लाभ में अभियुक्त उमाशंकर दीक्षित को अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने धारा 366, 376 के आरोप में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया।

अभियुक्त उमाशंकर दीक्षित जमानत पर है। एसी स्थिति में अभियुक्त के बंध पत्र को निरस्त कर प्रतिभुओ को उनके दायित्वों से उन्मोचित किया जाता है। अभियुक्त उमाशंकर दीक्षित को धारा 437ए में 50 हजार रुपये के दो जमानत पत्र इतनी ही धनराशि के निजी बंध पत्र एक सप्ताह के भीतर दाखिल करें। न्यायालय ने जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को आवश्यक हेतु आदेशित की प्रति भेजी है।

# कक्षा-नौ व दस के छात्रों के लिए भी पत्राचार शिक्षा का रास्ता खुला

- शिक्षा निदेशक ने संयुक्त शिक्षा निदेशकों व डीआईओएस को इस बाबत भेज दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की कक्षा-9 व 10 के छात्र भी अब पत्राचार शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। अभी तक यह सुविधा केवल इंटर मीडिएट के छात्रों को उपलब्ध थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार नये शैक्षिक सत्र (2026-27) में कक्षा नौ एवं दस में इसके लिए पंजीकरण शुरु होंगे।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शिक्षा विभाग ने सभी मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को और जिला विद्यालय निरीक्षकों को इस संबंध में आदेश निर्गत किये गये है। प्रयागराज स्थित पत्राचार शिक्षा संस्थान की स्थापना वर्ष 1980 में की गई थी। उसका उद्देश्य ऐसे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का अवसर देना था जो माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा में व्यक्तिगत प्राइवेट परीक्षार्थी के रुप में शामिल होते है। इसमें यह भी तय किया गया था कि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को संस्थान में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा और उन्हें संस्थान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करना होगा। समय के साथ-साथ ऐसे छात्रों की संख्या लगातार बढ़ती गई, जिसके चलते अब इस व्यवस्था का विस्तार किया गया है। इससे उन छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी जो नियमित स्कूल में पढ़ाई नहीं कर पाते है, लेकिन बोर्ड परीक्षा देना चाहते है। नये चालू शिक्षा सत्र में कक्षा-नौ व दस में छात्रों के पत्राचार में पंजीकरण शुरु किये जायेंगे।

## पीआरडी जवान को पीटने में पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी जवान को पीटने में पिता-पुत्र पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव सलेमपुर दूदेमई निवासी पीआरडी जवान जितेन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह अपने साथी विकास के साथ गाँव सीमरा नगला में बीती रविवार की शाम को दावत खाने जा रहे थे। गाँव ज्योना शराब के ठेके के पास पहुँचते ही दो लोगों के बीच हो रहे झगड़े को लेकर बीच बचाव करने का प्रयास किया। वहाँ परं सेल्समैन विपिन और उसके साथी ने गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सेल्समैन व उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# न्याय के लिए सड़कों पर उतरी किसान यूनियन

- 6 मई के धरने को लेकर तेज हुआ जनसंपर्क अभियान
- दोहरे हत्याकांड के विरोध में गांव-गांव पहुंची टीम
- लोगों से मांगा समर्थन, पदाधिकारियों की भी हुई नियुक्ति

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया किसान यूनियन ने न्याय की लड़ाई को तेज करते हुए बड़ा जनसंपर्क अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अजय शाक्य, जिला महासचिव डॉ. श्रीकिशन और एडिशनल जिला प्रभारी लोधी आलोक राजपूत सहित कई पदाधिकारी ग्राम सत्तार नगर, इनायत नगर, झब्बू पुर और बंथल शाहपुर पहुंचे। जनसंपर्क अभियान हाल ही में हुए दोहरे हत्याकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने और 6 मई को कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के उद्देश्य से चलाया गया। टीम ने गांव-गांव जाकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

इस दौरान संगठन विस्तार पर भी जोर दिया गया। जिसमें कटीले को अल्पसंख्यक जिला कार्यकारिणी का जिला मंत्री और सैफ अली खान को ब्लॉक कायमगंज का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। इस मौके पर हरि लाल सिंह राजपूत, अरुण कुमार कठेरिया, डॉ. आलोक वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



जन सम्पर्क अभियान में मौजूद भाकियू नेता

# महिला विधेयक गिराने के विरोध में भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

- विपक्षी पार्टियों के फूंके पुतले
- महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में कमलावती ने लिया भाग


पुतला फूंकती कमलावती सिंह व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने विपक्ष के खिलाफ जन आक्रोश महिला सम्मेलन एवं पुतला दहन किया।

पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने कहा कि 16 व 17 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विधेयक का सपा और कांग्रेस पार्टी के द्वारा विरोध करके महिलाओं के जन अधिकार के साथ सबसे बड़ा विश्वास घात किया गया। यह बिल महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सबसे बड़ा अधिकार दिलाने वाला था। महिलाओं की भागीदारी से एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। 16 अगस्त 17 अप्रैल का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन साबित हुआ। जब सपा और कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों ने महिलाओं के अधिकारों का हनन कर दिया। बिल का विरोध करके करोड़ो माताओं, बहनों और बेटियों के साथ विश्वास घात करके सपा और कांग्रेस ने अपनी महिला विरोधी सोच को दर्शाने का काम किया।

भाजपा नेत्री डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा विपक्ष द्वारा बिल का विरोध करना महिलाओं के सम्मान पर सबसे बड़ी चोट है। महिलाएं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा नारी का सम्मान देश का सम्मान होता है। इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करके नारी की आत्म सम्मान पर प्रहार किया है। भारतीय नारी हर कदम पर ऐसे राजनीतिक दलों को सबक सिखाने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे ने की। इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, रमला राठौर, ममता सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, हिना दवे, रचना अवस्थी, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक, रश्मि दुबे, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, हिना दवे, विधायक सुशील शाक्य के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की महिला कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सपा और कांग्रेस का पुतला दहन कर विरोध में नारे लगाये।

# विश्व मलेरिया दिवस और विश्व पेंगुइन दिवस पर किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में विश्व मलेरिया दिवस और विश्व पेंगुइन दिवस को जागरूकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में छात्रा तनीज़ ने मलेरिया के कारणों, लक्षणों और उससे बचाव के उपायों पर अपने व्याख्यान के माध्यम से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को स्वस्थता अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं छात्रा रिया राठौर ने पर्यावरणीय महत्व, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण के कारण पेंगुइन के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय के कक्षा छः के छात्रों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने घर में गन्दे पानी को न भरने दें, क्योंकि रुके हुए पानी में ही मलेरिया के मच्छर पनपते हैं। कूलर के पानी को भी बदलते रहें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्णिमा अग्निहोत्री, डॉ. अञ्जना चौहान, डॉ. नैन्सी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।


श्रमदान करते विद्यार्थी


रोजगार मेले में भाग लेते अभ्यार्थी

## शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेले 11 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सडक में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 03 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 150 के सापेक्ष मेला में 23 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 23 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 11 अभ्यर्थियों का डिक्सन इलेक्ट्रो अप्लाइन्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर-05 अप्रेन्टिसशिप ट्रेनी, अम्बर इण्टरप्राइजेस नोएडा-06 जाब ट्रेनी, पैन हेल्थ, गुजरात-00 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# गौ सम्मान अभियान के तहत गौपालन मंत्रालय बनाने की मांग

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गौ सम्मान आवाह्न अभियान के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसील पहुंचकर तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया कि प्रदेश में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन एवं वध पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु कठोर कानून का निर्माण किया जाये और गौ माता को राष्ट्रीय गौमाता घोषित किया जाये। राज्य की आत्मा और हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार संस्कृत विरासत का संपोषण सदैव गौवंश के सानिध्य में फलीभूत हुआ है। ऐसे में वर्तमान संकट और चिंता जनक है। प्रति व्यक्ति दस गौवंश की उपलब्धता थी। आज निरंतर घटकर प्रति 10 व्यक्ति 1 गौवंश तक पहुंच गयी है। देशी गौवंश विलुप्त कगार पर है। जिसके लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था भारत की मूल लोकतांत्रिक और संस्कृत की जड़े कमजोर हो रही है। गौतस्कर बूचड़खानों में निर्मम वध, सड़कों पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं, नगरीय क्षेत्र में पॉलीथिन भक्षण के कारण प्रतिदिन लाखों गौवंश काल का ग्रास बन रही है। ऐसे में एकीकृत केंद्रीय कानून एवं स्वतंत्र मंत्रालय गौवंश के संरक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के तहत अनुच्छेद 48 में आवश्यक संशोधन कर केंद्रीय गौसेवा एवं संरक्षण अधिनियम गोपालन मंत्रालय की स्थापना लागू की जाये। इस मौके पर हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, दीपक शर्मा, सौरभ मिश्रा, प्रियांशु कश्यप, हिमांशु गुप्ता, शिवम गुप्ता, नरेन्द्र राठौर, बड़ी संख्या में गौसेवक मौजूद रहे।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गौरक्षक

# अवकाश प्राप्त मा.शि.क. एसो. ने नोशनल पेंशन वृद्धि की उठायी मांग

- उमा तिवारी की परिवारिक पेंशन का प्रकरण इस माह में हल होने का आश्वासन मिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिला मंत्री द्वारा आगे की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गयी। सभी सदस्यों ने कहा कि वरिष्ठ कोषाधिकारी को सदस्यों की समस्याओं का ज्ञापन दिया जायेगा। ताराचंद्र गंगवार की पहली पेंशन 2 दिसम्बर 2010 को मिली थी। उनकी पेंशन की कटौती 15 वर्ष पूर्ण होने पर हो रही है। तेजपाल वर्मा की नोशनल वेतन वृद्धि का प्रकरण लंबित है। विद्यालय के सभी अवकाश प्राप्त शिक्षकों की नोशनल वेतन वृद्धि लग चुकी है। ओमप्रकाश वर्मा अवकाश प्राप्त प्रवक्ता है। उनका वेतन वृद्धि का प्रकरण लंबित है। दिनेश चन्द्र मिश्रा, सुंदर लाल अग्निहोत्री, प्रेमशंकर अवस्थी आदि का निधन हो चुका है। उनकी परिवारिक पेंशन के लिए संगठन प्रयासरत है। उमा तिवारी की परिवारिक पेंशन का प्रकरण इस माह में हल होने का आश्वासन मिला है। बैठक में जिला सम्मेलन में विचार व्यक्त किया गया। इस दौरान परमेश्वरीदीन वर्मा, सेठ बहादुर मिश्रा, आनंद त्रिवेदी, कमलेश चन्द्र द्विवेदी, छविनाथ सिंह, सोनेलाल यादव, कृपाल सिंह, राकेश पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला मंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने किया।

# आंगनवाड़ी को पीटने के मामले में प्रधानाध्यापक सहित दो पर मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आंगनवाड़ी को पीटने के मामले में पीड़िता द्वारा शिकायत करने पर कोतवाली पुलिस ने प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

कोतवाली फतेहगढ़ के अन्तर्गत ग्राम सराह निवासी आंगनवाड़ी रेनू पत्नी राजकुमार ने कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर गौरनपुरवा में 2001 में आंगनवाड़ी पद पर कार्यरत है। कम्पोजिट विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रीना पाण्डेय व सहायक अध्यापक अमरेश सिंह ने आये दिन गांव के बच्चों का दाखिला कराने के लिए दबाव बनाते है। पीड़िता ने कहा कि मेरे गांव से आपके विद्यालय की दूरी अधिक है, जबकि मेरे गांव में स्वयं सरकारी स्कूल है। इसी बात पर दोनों लोग नाराज रहने लगे। बीते दिन मेरे साथ विद्यालय बंद करने के दौरान मारपीट की। विद्यालय बंद का गांव के किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर उच्चाधिकारी को प्रेषित किया गया। जिसकी जानकारी मिलने पर रीना पाण्डेय व अमरेश पाण्डेय ने कहा कि वीडियो तुम्हारे पति ने ही बनाई है और उच्चाधिकारियों को दी है।

जब मैं अपनी ड्यूटी 8:15 पर पहुंची तो दोनों लोगों ने गेट पर पहुंचकर कहा कि ज्यादा नेतानगरी करती है और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता के गले में पड़े मंगलसूत्र तोड़ दिया और धारदार हथियार से लहुलूहान कर दिया। हाथ व गले में चोट आयी है। इसी मामले में पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।


जानकारी देती पीड़िता रेनू

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किये जाने को लेकर गौसेवकों ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

साधु-संतों के देशव्यापी आवाह्न पर सोमवार को अमृतपुर तहसील सभागार में गौसेवकों का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे गौसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। निर्धारित समय के अनुसार सुबह करीब 12 बजे गौसेवक तहसील परिसर में एकत्रित हुए और संगठित रूप से प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार को प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांग रखी गई कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। इसके साथ ही गौसेवकों ने देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ संरक्षण के लिए कड़े कानून बनाने और गौशालाओं की स्थिति में सुधार की मांग भी प्रमुखता से उठाई। प्रदर्शन के दौरान गौ माता का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से पूरा तहसील परिसर गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रमुख प्रतीक हैं, ऐसे में उनके संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाना सरकार की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शिवम् अवस्थी, अभय चौहान, बिकल पाण्डेय, रोहित अवस्थी, अन्नू दुबे, हर्ष अवस्थी सहित अन्य साधु-संत और गौसेवक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। गौसेवकों का यह समन्वित प्रदर्शन न केवल स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले समय में इस मुद्दे पर सियासी और सामाजिक हलचल तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते गौसेवक

## पांच शीशम के पेड़ अवैध कटान, तीन पर मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में अवैध कटान का मामला सामने आया है। सराय शाह आलम गांव में रविवार रात खेत से पांच शीशम के पेड़ काटकर उठा ले जाने की घटना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। मामले में वन विभाग की तहरीर पर पेड़ मालिक समेत दो लकड़कट्टों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कन्हैया लाल के खेत में खड़े शीशम के पेड़ों को रात के अंधेरे में काट लिया गया। आरोप है कि सुलेमान और अंसार नामक लकड़कट्टों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों को काटा और लकड़ी को वहां से हटा ले गए। घटना की भनक न तो वन विभाग को लगी और न ही स्थानीय पुलिस को।

## सूचना

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 26/07/2023 को अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश साव्या पाण्डेय (SAVYA PANDEY) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम आरम्या पाण्डेय (AARAMYA PANDEY) है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्री का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें।
**आशीष पाण्डेय पुत्र जगदीश चन्द्र पाण्डेय निवासी रकाबगंज खुर्द तहसील सदर, जनपद फर्रुखाबाद।**

# न्यायालय का समय परिवर्तित करने की अधिवक्ताओं ने उठायी मांग


जिला बार एसो0 के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माह मई व जून में अदालत का समय प्रातःकालीन 6:30 बजे से 1 बजे तक रहता है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि माह मई व जून में अत्यधिक गर्मी होने के कारण न्यायालय का समय प्रातः 06: 30 बजे से 1 बजे दोपहर तक रहता था, परन्तु इस वर्ष कार्य कारिणी की सहमति से न्यायालय का समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक जनपद न्यायाधीश के आदेश से कर दिया गया है, क्योकि माह मई व प्रमुख मांग रखी गई कि गौ माता को जून में बहुत अधिक गर्म रहता है।

हम अधिवक्तागण को भीषण गर्मी के कारण काम करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में हम अधिवक्तागण चाहते है कि न्यायालय का समय पूर्व वर्षो की भाँति प्रातःकालीन ही रहे। जिस पर पुनः विचार कर प्रस्ताव जनपद न्यायाधीश को भेजकर परिवर्तित करने की मांग की जाये। इस मौके पर अधिवक्ता राजेन्द्र यादव, अभिषेक गुप्ता, अमर दीप सिंह, सुबोध पाण्डेय, प्रदीप कुमार सिंह, सुनील दिवाकर, सुमित कश्यप, आकाश कुमार, अजय पाल सिंह, राजवीर दुबे, दिलीप सिंघानिया, सरिता शर्मा, आसिफ जमा खां, एक मंसूरी, शिखर सक्सेना, धीरज कुमार त्रिवेदी, एसके खान, यादवेन्द्र सिंह गंगवार, जय सिंह, रंजीत कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार पाण्डेय, रिषव सक्सेना, अरुण कुमार, धीरेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, आशीष सक्सेना आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/ बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का शिलान्यास, वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ भूमि पूजन

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र के मालिनपुर गांव में सोमवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिला। यहां पंचमुखी हनुमान जी महाराज के मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।यह आयोजन केवल एक मंदिर की नींव नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। भूमि पूजन, हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना के दौरान गूंजते वैदिक मंत्रों ने पूरे वातावरण को दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। मालिनपुर निवासी स्वर्गीय शिवकुमार सिंह की पत्नी सुमन सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने मुख्य यजमान के रूप में पूर्ण श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की।

# रामसनेहीघाट में निकली गौ सम्मान यात्रा, सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में सोमवार को 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत एक भव्य गौ सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत श्री बूढ़े हनुमान मंदिर से हुई, जो नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होती हुई तहसील परिसर तक पहुंची। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और गौसेवक शामिल हुए। हाथों में भगवा ध्वज और बैनर लिए प्रतिभागियों ने गौ माता के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। नगरवासियों ने भी जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया।यात्रा के समापन पर एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र एवं राज्य सरकार से गौ माता की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई।

साथ ही गौवंश के संरक्षण हेतु सख्त कानून लागू करने पर जोर दिया गया।हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिलाध्यक्ष शुभम कसौंधन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में गौ माता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है।

**ARMY PUBLIC SCHOOL, FATEHGARH REQUIRES TEACHING NON-TEACHING AND ADM STAFF ON ADHOC & TERM BASIS**

Email: apsfatehgarh@gmail.com  Tele No. 07080667367

| Posts | Nature of Appt |
|---|---|
| PGTs-Physics, Chemistry, Psychology & Mathematics | Adhoc |
| TGTs-Hindi & Sanskrit | Adhoc |
| PRTs | Adhoc |
| Activity Teachers (Dance, Art & Craft & Taekwondo) | Adhoc |
| Pre-Primary Teacher (Mother Teachers) | Adhoc |
| Activity Teachers (Games & Dance) for Pre-Primary wing | Adhoc |
| Health Wellness Teacher (TGT) (Counselor) | Adhoc |
| Account Clerk | Term Basis |
| LDC | Term Basis |
| Receptionist | Term Basis |
| Paramedics | Term Basis |

**NOTE**

1. Please visit our school website www.apsfatehgarh.com for requisite Educational Qualification & Age Criteria etc or approach school office from 1000h to 1400h on working days.
2. Apply on a prescribed form as available on school website along with self-attested photocopy of all testimonials (Academic & Experience) as required for the post along with demand draft of **Rs 250/- in favor of Army Public School, Fatehgarh payable at Fatehgarh Cantt.**
3. Last date to apply is **15 May 2026.**
4. No applications will be accepted via email Only hard copy by hand/post will be accepted Incomplete application will be rejected.
5. Date of interview 20 May 2026 (Tentatively).
6 School Management reserves all rights to take appropriate action.

Offg Principal

